दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

नई दिल्ली।। शनिवार 02 मार्च -2024 | वर्ष : 8 अंक : 143 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3










## यूपी मंत्रिमंडल विस्तार जल्द

### आरएलडी के एक विधायक का मंत्री बनना लगभग तय, ये बड़ा दांव चल सकते हैं चौधरी जयंत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार होने की चचाएं तेज हो गईं हैं। जहां दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक हुई तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यूपी में जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार होने वाला है ।वहीं, मंत्रिमंडल में रालोद के एक विधायक को शामिल किया जा सकता है। वैसे भी हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में रालोद के सभी विधायकों ने भाजपा के प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था।

बताया गया कि आज यानी शुक्रवार को जेपी नड्डा और जयंत चौधरी की मुलाकात होगी। आज रालोद के साथ भाजपा का औपचारिक गठबंधन हो सकता है। सूत्र के अनुसार, भाजपा ने रालोद को बागपत, बिजनौर सीट दी है। यूपी में मंत्रिपरिषद विस्तार में रालोद के दो विधायक मंत्री बन सकते हैं। रालोद का एक कैबिनेट और एक राज्यमंत्री पद तय माना जा रहा है। सूत्र की मानें तो राजभर की पार्टी से सिर्फ राजभर मंत्री बनेंगे।

भाजपा यूपी में सहयोगी दलों ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा (एक सीट), अपना दल (दो सीट), निषाद पार्टी (एक सीट) और रालोद (दो सीट) को छह सीटें देने पर सहमत हो गई है। संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाया जा सकता है।

# निगम ने पांच पार्किंग स्थलों की लगाई बोली, कमाए 69 लाख

## ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर के नीचे अब वाहन खड़ा करने पर चुकाना होगा शुल्क और सबसे मंहगी बोली रही यशोदा अस्पताल की

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम ने पांच पार्किंग स्थलों के लिए पहले ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करायी और फिर इसकी खुली बोली भी लगाई गई। शुक्रवार को सिटी जोन की चार पार्किंग और वसुंधरा जोन की एक पार्किंग की नीलामी हुई। पहले ऑनलाईन प्रक्रिया हुई और जो रेट सरकार के थे उससे भी कई गुना अधिक पर जाकर खुली बोली लगी। निगम को पांच पार्किंग की नीलामी से ही लगभग 69 लाख रुपए की आमदनी हो गई। शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय पर पार्किंग का ठेका नीलामी प्रक्रिया से छोड़ा गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मेयर सुनीता दयाल, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव सिन्हा नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य उदित मोहन गर्ग, सिटी जोन के जोनल प्रभारी अनिल अरूण व अन्य सदस्य मौजूद रहे। अब इस नीलामी के बाद अंतिम स्वीकृति के लिए पत्रावली नगर आयुक्त के पास जायेगी।







### सबसे मंहगी बोली हुई यशोदा अस्पताल के बाहर पार्किंग स्थल की

**करंट क्राइम।** पांच स्थानों की पार्किंग का ठेका खुली नीलामी में छोड़ा गया। यहां पर सबसे चर्चित ठेका नेहरूनगर यशोदा अस्पताल के बाहर का रहा। इसकी खुली बोली में कोई नहीं आया और अंतिम ऑनलाइन बोली 21 लाख 78 हजार की रही। यशोदा अस्पताल की पार्किंग का ठेका शाखा कन्स्ट्रक्शन ने लिया है।

### सबसे सस्ती पार्किंग शिवा टॉवर की रही

**करंट क्राइम।** सबसे मंहगी पार्किंग यशोदा अस्पताल की रही और सबसे सस्ती पार्किंग शिवा टॉवर आपूलेंट मॉल के पास की रही। इसको जेबी एस कन्स्ट्रक्शन द्वारा लिया गया है और इसकी अंतिम बोली 2 लाख 51 हजार में हुई।

### सब्जी मंडी 17 लाख और वैशाली की पार्किंग 19 लाख में

करंट क्राइम। पुरानी सब्जी मंडी की पार्किंग खुली बोली में छोड़ी गई जिसकी अंतिम बोली 17 लाख 10 हजार रही। पुरानी सब्जी मंडी स्थित पार्किंग के ठेके को नार्थ इंडिया डवपलर्स ने लिया है। वहीं वैशली सैक्टर 4 श्री कृष्ण वाटिका पार्किंग खुली बोली में 19 लाख 93 हजार में फाईनल की गई। इसके अरविन्द कुमार ने लिया है।

### ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग स्थल की बोली छुटी 8 लाख 11 हजार में

**करंट क्राइम।** अभी तक ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर के नीचे मशीनरी मार्किट के दुकानदार अपने वाहन खड़ा करते थे। यहां आने वाले ग्राहक भी अपने वाहनों को यहीं पर खड़ा करते थे। काफी पहले यहां एक छोटा पार्किंग स्थल जनसेवा केन्द्र के लिए लिया गया था और अतुल गर्ग ने दूसरी बार चुनाव जीतने के तुरंत बाद खुद पत्र लिखकर यह स्थल नगर निगम को सौंप दिया था। अब यहां पर पार्कि मुफ्त में नहीं हो सकेगी। ठाकुदद्वारा फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग स्थल की नीलामी नगर निगम ने कर दी है। इस पार्किंग स्थल को अरविन्द कुमार द्वारा खुली बोली में 8 लाख 11 हजार रुपए में लिया गया है।

# दिल्ली प्रवेश को लेकर प्रजापति समाज का आक्रामक प्रदर्शन

## पुलिस ने चलाई लाठी मची भगदड़

### पुलिस पर पत्थराव का आरोप, कई पदाधिकारी भी हुए जख्मी







गाजियाबाद, करंट क्राइम । शुक्रवार को हरिद्वार से दिल्ली के जंतर मंतर पर जा रहे राष्ट्रीय प्रजापति समाज की संकल्प साइकिल यात्रा के दौरान ट्रांस हिंडन जोन में जमकर हंगामा हुआ। यहां पुलिस और प्रदर्शनकारियों की जमकर नोंक-झोंक हुई। इस दौरान आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर चलाए जिसके बाद पुलिस ने लाठी चार्ज करते हुए उन्हें खदेड़ा तो भगदड़ मच गई। इस दौरान कई राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के चोंटे भी आई हैं। वहीं आरोप है कि पुलिस के आलाधिकारियों के निर्देश के बाद पुलिस ने आक्रामक रूप अपनाया था। इस मामले में पुलिस मुकदमा लिखने की तैयारी कर रही है।





दिल्ली और गाजियाबाद दोनों जगह धारा-144 लागू है, प्रदर्शन कर रहे लोग पुलिस के साथ अर्भद्रता कर रहे थे साथ ही कई बार चेतावनी देने के बावजूद पीछे नहीं हटे जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

**पुनम मिश्रा, कार्यवाहक एसीपी साहिबाबाद**

### राष्ट्रीय प्रजापति महासभा साइकिल यात्रा 17 फरवरी को हरिद्वार से शुरू हुई थी

**करंट क्राइम।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रजापति के नेतृत्व में साइकिल यात्रा 17 फरवरी को हरिद्वार से शुरू हुई थी। यह यात्रा समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए निकाली जा रही थी। यात्रा रुड़की, मेरठ, मोदीनगर होते हुए एक मार्च गाजियाबाद पहुंचा। जहां साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट चार के समीप पुलिस ने यात्रा में सबसे आगे चल रहे रथ को रोक दिया गया। जिसके बाद कार्यकर्ता उग्र हो गए, इस दौरान धरना प्रदर्शन वहीं पर शुरू हो गया और पुलिस-प्रशासन और राजनीतिक दलों के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी गई। बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोगों के होने की वजह से डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह कई थानों की फोर्स और पीएसी बल को मौके पर बुला लिया गया। काफी देर तक नोंकझोंक और हंगामे वाली स्थिति रही। जिसके बाद पत्थरबाजी हुई और पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया।

### दिल्ली जाने पर अड़े थे प्रदर्शनकारी

**करंट क्राइम।** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के लोग दिल्ली साइकिल यात्रा लेकर जाने के लिए डटे हुए थे। कई जगहों पर बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस ने उनको रोकने का प्रयास किया लेकिन धक्कामुक्की और नोंकझोकं व 2 घंटे से अधिक तक हंगामा चला और पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा समझाने के बावजूद भी है दिल्ली प्रवेश को अड़े हुए थे। इस दौरान यात्रा में शामिल घायल हुए पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का कहना है कि पुलिस ने उनके साथ बर्बरता की। उधर गाजियाबाद के एमएमजी सरकारी अस्पताल में 8 से 10 घायल लोग पहुंचे थे, जिनका वहां उपचार किया गया है। हालांकि पुलिस इस पूरे मामले में प्रदर्शनकारियों की ही गलती बता रही है।

# लोकसभा चुनाव हो शांति के साथ, कमिश्नरेट पुलिस 606 पर कर चुकी है गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद लगातार गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर रही है। किसी भी प्रकार से चुनाव में माहौल खराब करने वाले और अपराध की दुनिया में सक्रिय आरोपियों पर पुलिस लगातार कार्रवाई करते हुए उन्हें जिला बदर भी कर रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन के अंतर्गत अब तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए 93 लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है, जबकि रिकॉर्ड के अनुसार साल 2023 में कुल 513 लोगों पर गुंडा एक्ट लगाते हुए अधिकांश को 6 महीने के लिए जिलाबदर करते हुए थानों में भी हाजिरी लगाने का निर्देश दिया गया है।



## साल 2024 में अब तक 93 लोगों पर हुई कार्रवाई

### पांच आरोपियों पर फिर हुई जिला बदर की कार्रवाई

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद में रोहित निवासी थाना नंदग्राम, अनुज कसाना निवासी खोड़ा, फिरोज निवासी थाना लोनी, अमन निवासी सिहानी गेट और हाशिम निवासी मसूरी पर अलग-अलग अपराध में संयुक्त कार्रवाई करते हुए गुंडा एक्ट और जिला बदर किया गया है। पुलिस कमिश्नरेट के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया है कि इन सबकी पहले कोर्ट में सुनवाई हुई, इसके बाद इन पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### शांति व्यवस्था कायम करने के लिए जारी रहेगा अभियान



करंट क्राइम। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में गैंगस्टर और जिला बदर की कार्रवाई की जारी रही है। साथ ही ऐसे जो भी आरोपी हैं जिनसे चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका है, उनको मतदान से पूर्व जिले से बाहर भेज दिया जाएगा।

## गाजियाबाद हैण्डलूम क्लस्टर

MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
csDISHAA FOUNDATION

### तकनीकी प्रशिक्षण हेतु पिज्ञापन

गाजियाबाद हैण्डलूम क्लस्टर में कारीगरों को सिलाई एवं हैण्डलूम कपड़ा बुनने की ट्रेनिंग के लिए प्रशिक्षण संस्थानों से कोटेशन निमन्त्रित करता है।

इच्छुक संस्थान इस पते पर (खसरा नं० 213 ग्राम सादत नगर इकला नियर पैरामाउन्ट स्कूल पिन कोड़ - 201015) तत्काल सम्पर्क करके अपनी कोटेशन दे सकते है।

# जौनपुर में नितिन गडकरी ने 10 हजार करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

**जौनपुर ।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज जौनपुर दौरे पर हैं। इससे पहले वे मिजार्पुर में मां विंध्यवासिनी धाम गए। वहां दर्शन पूजन करने के बाद जनसभा को संबोधित किया। जौनपुर जिले में कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात भी दी।

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को दोपहर 2.23 बजे जौनपुर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने जिले को करीब 10 हजार करोड़ की दस बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। इसके बाद विशाल जनसभा में केंद्रीय मंत्री का संबोधन शुरू हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि जौनपुर से करीब दस हजार करोड़ की लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास आज किया गया है। उत्तर प्रदेश में 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग की लेंथ 7643 किमी थी, जो आज 13 हजार किमी है।



गडकरी ने कहा कि जौनपुर से प्रयागराज तक तीन बाईपास का निर्माण होगा। आजमगढ़ में बाईपास जून 24 तक शुरू होगा। मुंगरबादशाहपुर बाईपास जून 24 तक शुरू होगा। कहा कि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी द्वारा शहर की सड़कों के सुदृढिकरण की मांग पूरी की जाएगी। दोनों किनारों पर आरसीसी सर्विस लेन और स्ट्रीट लाइटें लगेंगी। जौनपुर स्टेशन के पास विकास कार्य किए जाएंगे। ओवरब्रिज के पास सर्विस लेन बनवाएंगे। कहा कि बनारस से लुंबिनी तक 1100 किमी की परियोजना को पूरा किया।

इस दौरान प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश यादव ने कहा कि मछलीशहर में आगमन के दौरान रिंग रोड की मांग की थी वो पूरी हुई। जौनपुर को जाम से निजात दिलाने का काम किया। फ्लाईओवर की भी सौगात दी।

### चमकेंगी जौनपुर की सड़कें: सीमा द्विवेदी

इससे पहले राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जौनपुर जिले को मिली सौगात से यहां की सड़कें अब चमकेंगी। मुंगराबादशाहपुर बाईपास रोड बाईपास से यातायात सुगम होगा। कहा कि पूर्वांचल में सड़कों का जो जाल बिछा है, वह नितिन गडकरी की देन है। वे जो कहते हैं उसे करते भी हैं। अब जौनपुर की समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

# शासन और पुलिस ने तीन साल से एक जिले में जमे अफसर हटाए

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपी रिपोर्ट

**लखनऊ ।** यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले एक ही जिले में तीन साल से जमे अफसरों को हटा दिया गया है। इसकी रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंप दी गई है। यूपी में शासन और पुलिस महकमे में तीन साल से अधिक समय से एक ही जिले में तैनात निर्वाचन व्यवस्था से जुड़े सभी अफसरों का तबादला कर दिया गया है। मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने इसकी रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को सौंप दी है।




आयोग ने गत दिनों मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर यूपी में तीन साल से एक ही जिले में तैनात अफसरों हटाने के आदेश दिए थे। आयोग की ओर से तीन साल से एक ही जिले में जमे अफसरों की सूची भी सौंपी थी।

प्रदेश सरकार ने गत दिनों आईएएस, पीसीएस, आईपीएस, पीपीएस सहित तमाम उन अफसरों का तबादला किया जो तीन साल से एक ही जिले में तैनात थे। सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि शासन की ओर से अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ नागेंद्र सिंह, यमुना अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और भूमि अध्याप्ति अधिकारी बलराम सिंह के लिए तबादला नीति में शिथिलता देने का आग्रह किया था।

आयोग ने आग्रह को अस्वीकार करते हुए चारों का तबादला करने के आदेश दिए हैं। जिस पर शासन ने तबादले कर दिए हैं।

# सरकार पर छाए संकट के बादल हटाने में बड़ा काम कर गईं प्रियंका गांधी

**शिमला ।** सुक्खू सरकार पर छाए संकट के बादल हटाने में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का हस्तक्षेप से भी बड़ा काम कर गया।

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर छाए संकट के बादल हटाने में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का हस्तक्षेप से भी बड़ा काम कर गया। प्रियंका गांधी ने कई नाराज मंत्रियों और विधायकों से खुद बात की। दबाव की राजनीति को और अधिक सहन नहीं करने का पार्टी हाईकमान ने विधायकों को संदेश भी दिया है। सरकार और संगठन में तालमेल बनाए रखने के लिए ही पार्टी ने छह सदस्यीय समन्वय समिति को गठित करने का एलान किया।

उत्तर भारत में कांग्रेस के एकमात्र किले को बचाए रखने के लिए हाईकमान ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आगे बढ़ने का फैसला लेते हुए उन्हें और मजबूत किया है। प्रियंका गांधी का राजधानी शिमला के समीप निजी आवास है। प्रियंका का यहां आना लगा रहता है। वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान प्रियंका ने शिमला में रहकर ही चुनाव प्रचार की कमान संभाली थी। इस दौरान कई नेताओं से उनके अच्छे संबंध बने। इन संबंधों के चलते ही प्रियंका गांधी ने सरकार से नाराज चल रहे कई विधायकों और मंत्रियों से स्वयं बात कर पार्टी की मजबूती का हवाला देकर मान-मनोव्वल किया। मुख्यमंत्री और विक्रमादित्य सिंह के बीच हुआ गतिरोध भी प्रियंका गांधी के हस्तेक्षप के बाद ही समाप्त हुआ है। प्रियंका गांधी ने पर्यवेक्षकों के माध्यम से हिमाचल सरकार और संगठन को कड़ी हिदायतें भी दी हैं। पर्यवेक्षकों के मार्फत दोटूक कहा गया कि पार्टी सर्वोपरि रहनी चाहिए। जिन मामलों को बातचीत से हल किया जा सकता है, उन्हें मीडिया या सोशल मीडिया के माध्यम से नहीं उछालना चाहिए।



### बागियों पर कड़ी कार्रवाई कर देश भर में दिया संदेश

पार्टी सूत्रों ने बताया कि राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के खिलाफ कड़ा फैसला लेकर पार्टी हाईकमान ने देश के अन्य राज्यों में पार्टी के खिलाफ जाने वाले नेताओं को भी संदेश दिया है। पार्टी का मत स्पष्ट है कि अनुशासनहीनता और अति महत्वकांक्षा को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी में उन ही नेताओं को तवज्जो दी जाएगी जो विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# सीएम मनोहर लाल व गृहमंत्री अनिल विज की हत्या की धमकी देने का आरोप, एडवोकेट जरनैल सिंह बराड़ गिरफ्तार

सिरसा । सिरसा पुलिस ने एडवोकेट जरनैल सिंह बराड़ को गिरफ्तार किया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री की हत्या करने की धमकी देने का एक मैसेज सोशल मीडिया पर किया था।

हरियाणा के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री की हत्या करने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने ऐलनाबाद के गांव तलवाड़ा खुर्द निवासी एडवोकेट जरनैल सिंह बराड़ को गत रात्रि उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एडवोकेट जरनैल सिंह बराड़ ने एक मैसेज लिखकर उसको ग्रुप में शेयर कर दिया था। उन्होंने लिखा था कि किसान आंदोलन में शहीद होने वाले शुभकरण पर गोलियां सरकार के आदेश पर चलाई गई है। अगर सरकार इस बात को नहीं मानती है तो प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और गृहमंत्री अनिल विज को एक महीने के अंदर अंदर आपना लाई डिटेक्ट टेस्ट करवाना चाहिए।



अगर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गृहमंत्री अपना लाई डिटेक्ट टेस्ट नहीं करवाते तो मैं इनकी हत्या करने को मजबूर रहूंगा। उन्होंने लिखा था कि किसान आन्दोलन पर गोलियां चलाना कायरता और भारत की एकता, अखंडता, लोकतंत्र पर सीधा हमला है। भारत की एकता, अखंडता और लोकतंत्र पर हमला कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। गोलियां मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के आदेश के बिना कभी नहीं चलाईं जाती। उन्होंने लिखा था कि मैं किसान आन्दोलन पर गोलियां चलाना और शुभकरण की हत्या लोकतंत्र की हत्या मानता हूं।

आन्दोलन करना, विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का मूल आधार है। आम लोगों पर गोलियां चलाने का अधिकार सिर्फ तभी है जब आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को बहुत बड़ा खतरा हो। लेकिन किसान आन्दोलन में ऐसा कोई खतरा नहीं था। लोकतंत्र में प्रदर्शन करना नागरिकों का मौलिक अधिकार है इसलिए सबसे पहला लोकतंत्र पर हमला आन्दोलनकारी किसानों को हरियाणा की सीमा पर रोकना है। ट्रैक्टरों को रोकना दूसरा हमला है। गोलियां और आंसू गैस चलाना तीसरा बड़ा हमला है। जब इस वायरल मैसेज की जानकारी पुलिस तक पहुंची तो पुलिस ने एडवोकेट जरनैल सिंह बराड़ के खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत मामला दर्ज करते हुए उनको गिरफ्तार कर लिया।

# पंजाब में सरेआम आप नेता की गोलियों से भूनकर हत्या

### पीछा कर हत्यारों ने रेलवे फाटक के पास ली जान

**पंजाब।** पंजाब में बेखौफ अपराधियों ने शुक्रवार की सुबह आप नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मामला तरनतारन जिले का है। फतेहाबाद रेलवे फाटक के पास वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हत्यारों ने आप नेता को पांच गोलियां मारी हैं। पंजाब के तरनतारन जिले में सरेआम आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने गाड़ी का पीछा किया। जब गाड़ी श्री गोइंदवाल साहिब के पास रेलवे फाटक बंद होने की वजह से रोकी तो हत्यारों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। जान गंवाने वाले आप नेता की पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी चोहला साहिब का रहने वाला था। शुक्रवार सुबह अपनी कार से सुल्तानपुर लोधी अदालत में तारीख पर जा रहा था। जब गुरप्रीत सिंह की कार फतेहाबाद रेलवे फाटक के पास पहुंची तो फाटक बंद था। इसी दौरान स्विफ्ट कार सवार हमलावर पहले से ही उसका पीछा कर रहे थे। उन्होंने गुरप्रीत सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग की। हमले में गुरप्रीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से भाग निकले। मृतक गुरप्रीत सिंह विधानसभा हलका खडूर साहिब से विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा का बेहद करीबी था। इस घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।



# चार मार्च को पेश होगा दिल्ली का बजट, मंत्री आतिशी ने विधानसभा में पेश किया सर्वेक्षण

**दिल्ली।** दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने दिल्ली विधानसभा में सर्वेक्षण पेश किया है। चार मार्च को दिल्ली का बजट पेश होगा। ऐसे में उन्होंने केजरीवाल सरकार में हुए कार्यों की जानकारी दी है।



दिल्ली विधानसभा में वित्त मंत्री आतिशी ने सर्वेक्षण पेश किया। चार मार्च को दिल्ली का बजट पेश होगा। मंत्री आतिशी ने कहा कि एक साल के दौरान उपराज्यपाल के इशारे पर सभी विभागों का काम रोका गया, इस कारण कई विभागों की सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खास तौर पर दिल्ली जल बोर्ड और स्वास्थ्य विभाग पर बहुत ज्यादा असर पड़ा है। इसके बावजूद दिल्ली सरकार ने बेहतर कार्य किया। दिल्ली के लोगों की आय में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल भले ही कितना काम रोक लें, मगर केजरीवाल सरकार रुकने वाली नहीं है और वह लगातार बेहतर कार्य कर रही है। देश के सभी राज्यों की तुलना में दिल्ली में सबसे कम महंगाई है, जबकि देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। दिल्ली में बेरोजगारी की दर भी कम हुई है। देश में एकमात्र सरकार दिल्ली सरकारी है, जो मुनाफे में चल रही है, जबकि वह पानी माफ और बिजली हाफ रेट पर दे रही है। मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार खर्चे से ज्यादा राजस्व प्राप्त कर रही है। आम आदमी पार्टी सरकार बनने से पहले पिछली सरकारों ने कर्ज कर रखा था, वह कर्ज भी आम आदमी पार्टी सरकार ने दे दिया है। 75 प्रतिशत लोगों को मुफ्त पानी मिला है। 65 प्रतिशत लोगों ने मुफ्त में स्वास्थ्य सेवा मिली हैं। दिल्ली के लोगों की प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से 2.5 गुना अधिक है। यह केजरीवाल सरकार का 'करिश्मा' है।

# झारखंड को सौगात: 'मोदी की गारंटी थी और आज ये पूरी हुई'

## सिंदरी उर्वरक कारखाने के लोकार्पण के बाद बोले पीएम



**झारखण्ड ।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का सिन्द्री उर्वरक संयंत्र को 8900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। यह यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है। इससे पहले प्रधानमंत्री विमान से पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर पहुंचे और वहां से हेलीकॉप्टर से धनबाद आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को झारखंड में 35,700 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के सिंदरी में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का 8,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। इस संयंत्र से देश में प्रति वर्ष लगभग 12.7 एलएमटी (लाख मीट्रिक टन) स्वदेशी यूरिया उत्पादन बढ़ेगा जिससे देश के किसानों को लाभ होगा।

गोरखपुर और रामागुंडम में उर्वरक संयंत्रों के कायाकल्प के बाद यह देश में दोबारा चालू होने वाला तीसरा उर्वरक संयंत्र है। प्रधानमंत्री ने गोरखपुर में उर्वरक संयंत्रों को दिसंबर 2021 और रामागुंडम में उर्वरक संयंत्रों को नवंबर 2022 में राष्ट्र को समर्पित किया था। पीएम मोदी ने झारखंड में 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की रेल, बिजली और कोयला परियोजनाओं की भी शुरूआत की।

इसमें देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन सेवा, टाटानगर और बादामपहाड़ के बीच मेमू ट्रेन सेवा (दैनिक) और शिवपुर स्टेशन से लंबी दूरी की मालगाड़ी शामिल है।इसके बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज यहां सिंदरी उर्वरक कारखाने का लोकार्पण किया गया है। मैंने संकल्प लिया था कि सिंदरी के इस खास कारखाने को जरूर शुरू करवाउंगा। ये मोदी की गारंटी थी और आज ये गारंटी पूरी हुई है। मैं 2018 में इस फर्टिलाइजर प्लांट का शिलान्यास करने आया था। आज सिर्फ सिंदरी कारखाने की ही शुरूआत नहीं हुई है, बल्कि रोजगार के हजारों नए अवसरों की भी शुरूआत हुई है।

हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का सिंदरी उर्वरक संयंत्र को 8900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। यह यूरिया क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम है। इससे पहले प्रधानमंत्री विमान से पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर पहुंचे और वहां से हेलीकॉप्टर से धनबाद आए।

### 'आत्मनिर्भर होने की तरफ बढ़ रहा भारत'

उन्होंने कहा कि भारत तेजी से यूरिया के मामले में आत्मनिर्भर होने की तरफ बढ़ रहा है। इससे ना सिर्फ विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि वो पैसा किसानों के हित में खर्च हो सकेगा। बीते 10 वर्षों में हमने जनजातीय समाज, गरीबों, युवाओं और महिलाओं को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर झारखंड के लिए काम किया है।

# महादेव सट्टा एप केस में अब तक 580 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**रायपुर ।** महादेव सट्टा एप केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में ईडी ने रायपुर, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, इंदौर, गुरुग्राम में छापेमारी की है। देश के कुल 15 ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। इस मामले में 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

अब तक 580 करोड़ रुपए फ्रीज किये गये हैं। वहीं 1296 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति का खुलासा हो चुका है। इसके अलावा महादेव सट्टा एप का मेन ऑपरेटर आरोपी गिरीश तलरेजा को गिरफ्तार कर लिया है। तलरेजा की गिरफ्तारी भोपाल से हुई है। उसे आज रायपुर ईडी को सौंपा जा सकता है। रायपुर ईडी को तलरेजा और रतनलाल जैन के पास से शुभम सोनी के साथ करोड़ों रुपयों के ट्रांसजेक्शन का रिकॉर्ड मिला था।

इससे पहले ईडी ने 28 फरवरी को 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई नेता और अधिकारी जांच के घेरे में हैं। ईडी ने छत्तीसगढ़ पुलिस की एफआईआर पर जांच शुरू की थी। इसके अलावा विशाखापटनम पुलिस और कुछ अन्य राज्यों की पुलिस ने भी महादेव एप के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसे ईडी ने रिकॉर्ड पर लिया था।







महादेव बेटिंग एप ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए बनाया गया है। इस पर यूजर्स पोकर, कार्ड गेम्स, चांस गेम्स नाम से लाइव गेम खेलते थे। एप के जरिये क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल जैसे खेलों और चुनावों में अवैध सट्टेबाजी भी की जाती थी। अवैध सट्टे के नेटवर्क के जरिये एप का जाल तेजी से फैला और सबसे ज्यादा खाते छत्तीसगढ़ में खुले। इस एप से धोखाधड़ी के लिए एक पूरा खाका बनाया गया था। इस मामले में रणवीर कपूर पर भी अवैध रूप से पैसे बनाने का आरोप लगा है। इसे लेकर ईडी ने कार्रवाई की है।

**फ्रेंचाइजी के रूप में चलाते थे एप :** महादेव बेटिंग ऐप कई ब्रांच से चलता था। छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल महादेव ऑनलाइन बुक एप के मेन प्रमोटर हैं। ये अपनी गतिविधियां दुबई से संचालित करते थे। हर ब्रांच को सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल फ्रेंचाइजी के रूप में बेचते थे। यूजर को सिर्फ शुरूआत में फायदा और बाद में नुकसान होता। फायदे का 80% हिस्सा दोनों अपने पास रखते थे। इसे ऐसे बनाया गया था कि सिर्फ 30 फीसदी यूजर जीतते, बाकी हार जाते। इस एप के जरिए हुई कमाई को हवाला के जरिए होटल कारोबार और फिल्मों में लगाया गया।

**महादेव बेटिंग एप का बॉलीवुड कनेक्शन :** दरअसल, इस एप से जो भी काली कमाई होती थी उसे प्रमोटर बॉलीवुड फिल्मों और होटल के व्यापार में करते थे। धीरे-धीरे रवि और सौरभ की बॉलीवुड हस्तियों से पहचान हो गई। अब बारी आती है दुबई में हुई सौरभ की आलीशान शादी की। एजेंसी की मानें, तो सौरभ ने अपनी शादी में परफॉर्मेंस के लिए कई बॉलीवुड हस्तियों को बुलाया। यही नहीं सौरभ ने सेलेब्स को नागपुर से दुबई ले जाने के लिए कई प्राइवेट जेट्स तक हायर किए थे। एप प्रमोटर ने अपनी शादी में परफॉर्मेंस के लिए 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि नकदी के रूप में दी। डिजिटल भुगतान से हुए खुलासे के मुताबिक अकेले 112 करोड़ रुपये हवाला के जरिए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी आर-1 इवेंट्स को दिए गए।

### महादेव सट्टा एप का मेन ऑपरेटर गिरीश तलरेजा भोपाल से गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप कांड की आंच अब भोपाल तक पहुंच चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को भोपाल समेत कई शहरों में छापेमारी की। भोपाल के गिरीश तलरेजा को भी गिरफ्तार किया है। इससे पहले भी ईडी की टीम ने तलरेजा के भोपाल स्थित घर पर छापा मारा था। ईडी को अब भी इस मामले में भोपाल के ही रतनलाल जैन की तलाश है।

### दुबई भागने की फिराक में था तलरेजा

ईडी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महादेव सट्टा एप की जांच के दौरान शुभम सोनी को गिरफ्तार किया था। तब यह सामने आया था कि सोनी और भोपाल के प्रदीप तलरेजा और रतनलाल जैन के बीच करोड़ों रुपये का लेन-देन हुआ है। जांच में यह भी पता चला था कि प्रदीप तलरेजा भी महादेव सट्टा एप का प्रमोटर है। इसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ईडी ने जांच शुरू की। गुरुवार रात को इंटेलिजेंस की सूचना के बाद भोपाल स्थित ईडी कार्यालय की टीम ने गिरीश को गिरफ्तार कर लिया। भोपाल ईडी की टीम तलरेजा को रायपुर ईडी को सौपेंगी। ईडी ने गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात भोपाल के साथ-साथ रायपुर, कोरबा, बिलासपुर, पत्थलगांव, सूरजपुर, प्रतापपुर में एक साथ छापे मारे हैं। पांच साल पहले कोलार से गिरफ्तार हुआ सट्टाकिंग गिरीश तलरेजा साल 2019 में आरोपी तलरेजा दुबई भागने की फिराक में था। हालांकि सीआईएसएफ ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद साल 2019 में भोपाल पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर हिरासत में लिया था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली।। शनिवार 02 मार्च -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## पढ़े लिखों का विश्वास तोड़ रहे हैं साइबर ठग

### सरकारी अधिकारियों से लेकर कॉरपोरेट अफसर हो रहे हैं शिकार

### साइबर थाना खुलने के बाद लगा शिकायतों का अंबार

**गौरव शशि नारायण**

गाजियाबाद, करंट क्राइम । साइबर ठगों के द्वारा लोगों को चूना लगाने का अपराध कोई नया नहीं है लेकिन बीते कुछ दिनों में इसमें तेजी देखने को मिली है। खास बात यह है कि बेहद पढ़े-लिखे, बड़े-बड़े कार्यालयों और मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वाले लोगों को भी साइबर ठग आसानी से अपने जाल में फंसा कर चूना लगा रहे हैं। खास बात यह है कि साइबर ठग इतने पढ़े लिखे लोगों को चंद पैसों का लालच देकर लाखों, हजारों का चूना लगा रहे हैं। बीते कुछ दिनों के मामले बता रहे हैं कि साइबर ठग पढ़े-लिखे लोगों को ज्यादा टारगेट कर रहे हैं। इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में रहने वाली एक सरकारी अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर जो ठगी की गई है उससे कमिश्नरेट के अधिकारी भी हैरान और परेशान नजर आ रहे हैं। हालांकि इस मामले में पुलिस ने मुकदमा लिखते हुए खाता फ्रीज करने का काम शुरू कर दिया है लेकिन आरोपियों तक पहुंचना अभी पुलिस के लिए पहेली बना हुआ है। इसी के साथ बीते दिनों कवि नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले एक कंपनी कर्मचारी के पिता के साथ एप के जरिए आवाज निकाल कर ठगी करने का मामला भी कम सनसनीखेज नहीं रहा है। वहीं विजयनगर थानाक्षेत्र के सिद्धार्थ विहार में रहने वाले सरकारी कर्मचारी रोशन लाल के साथ भी 43 लाख रुपए की ठगी बता रही है कि कैसे साइबर ठग पढ़े-लिखे लोगों को आसानी से टारगेट कर रहे हैं।



### इन बातों पर दें ध्यान :

- सही वेबसाइट पर जाए जिसके लिए यूआरएल सही डालना चाहिए।
- किसी भी तरह के लालच और ऑफर में ना आएं।
- अनजान व्यक्ति से फोन पर बात ना करें उसके बहकावे में ना आए।
- फेसबुक अकाउंट, ट्विटर अकाउंट आईडी का पासवर्ड स्ट्रांग रखें।
- सोशल मीडिया पर आने वाले अंजान लिंक पर भूल कर भी क्लिक ना करें मतलब ऐसे लिंक को ओपन ना करें।
- व्हाट्सएप पर अनजान लोगों के आने वाले कॉल से बचें।
- बैंकिंग से जुड़े किसी भी काम के लिए हमेशा सही वेबसाइट पर जाएं, जिसके लिए हमेशा सही यूआरएल डालना जरूरी है। ध्यान रहे कि जब भी आप किसी पेज पर अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डाल रहे हैं उस पेज का यूआरएल सही होना चाहिए।
- फर्जी फेक कॉल या व्हाट्सएप्प से अगर कोई आपको मैसेज या फोन कॉल करता है, जो आपको बैंक के जैसा ही लगे और आपसे आपके एटीएम पिन, सीवीवी पासवर्ड जैसी बैंकिंग जानकारी पूछे तो आपको यह जानकारी कभी भी किसी के साथ शेयर नहीं करनी है।
- मतलब वह लोग आपको फोन करके आपके एटीएम कार्ड के नंबर और पासवर्ड अपने एटीएम कार्ड के सीवीवी नंबर पूछते हैं और आपको बोलते हैं कि शायद आपका अकाउंट बंद हो गया है जिसे वापस चालू करने के लिए ये सारी डिटेल चाहिए, तो आपको बता दें कि बैंक कभी भी ग्राहक से फोन करके ऐसी सूचना नहीं लेता है।
- साइबर फ्रॉड गैंग सोशल मीडिया, राजनीतिक अफवाह फैलाने का काम करते हैं इन्हीं अफवाहों के साथ वो अपने लिंक डाल देते है अविश्वसनीय पेज या अकाउंट पर आए लिंक पर क्लीक ना करें।
- साइबर क्राइम ब्लू फेसबुक जैसी सोशल नेटवर्किंग पर अशोभनीय कमेंट करना इंटरनेट से धमकी देना इस तरह से करना साइबर लिंक होता है, इनसे बचें।

### साइबर थाने में लगा शिकायतों का अंबार

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में साइबर थाने की शुरूआत जनवरी माह में ही हो गई थी लेकिन अब यहां मुकदमों के लिखने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसमें काफी तेजी बताई जा रही है। सूत्र बता रहे हैं कि साइबर सेल थाने का शिकायती रजिस्टर लगातार तेजी से बढ़ रहा है और उसमें फरियादियों की संख्या भी रोजाना बढ़ रही है। कवि नगर थानाक्षेत्र, इंदिरापुरम, लिंक रोड, कौशांबी, नंदग्राम, मोदीनगर, क्रॉसिंग रिपब्लिक, वेव सिटी और विजयनगर थानाक्षेत्र ऐसे हैं जहां साइबर ठगी के मामले सर्वाधिक आ रहे हैं। साइबर सेल में जो क्लासरूम बनाया गया था वहां भी दिनभर पीड़ित शिकायत लिखते हुए नजर आ रहे हैं।



### यह है बीते दिनों के प्रमुख मामले :

**करंट क्राइम। इंदिरापुरम के शिप्रा सनसिटी में रहने वाले एक व्यक्ति से निवेश करने के नाम पर 75 लाख रुपए की ठगी हो गई और लाभ का लालच देते हुए उसे केवल 3, 25 लाख रुपए ही साइबर ठगों ने भेजे थे और इसके बाद लाखों रुपए ठग लिए। इसी के साथ विजयनगर थानाक्षेत्र के सिद्धार्थ विहार में रहने वाले रोशन से 43 लाख रुपए से अधिक की ठगी का मामला भी सामने आया है। वहीं दिल्ली के एक सरकारी कार्यालय की महिला अधिकारी के साथ 58 लाख रुपए के आसपास की डिजिटल अरेस्ट वाली ठगी भी कम हैरान करने वाली नहीं है। वहीं कवि नगर थानाक्षेत्र में एक निजी कंपनी के कर्मचारी के पिता को फोन पर एप के जरिये एफआईआर में फंसने के नाम पर 50 हजार रुपये की ठगी का मामला भी बीते दिनों आया था।**

## इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से वर्किंग होगी स्मार्ट: नगर आयुक्त

### प्री बिड मीटिंग में 35 फर्मो ने किया प्रतिभाग



गाजियाबाद करंट क्राइम। नगर की ट्रैफिक में सुधार के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में गठित कमेटी की उपस्थिति में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की प्री बिड मीटिंग की गई। जिसमें लगभग 35 से 40 फर्म के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान आईटीएमएस हुए टेंडर पर कई आपत्तियां में सुझाव भी प्रस्तुत हुए जिन पर नगर आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती, सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, अधिशासी अभियंता निर्माण एफएस जैदी, व अन्य संबंधित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आईआईटी कानपुर अन्य टेक्निकल टीम भी उपस्थित रही।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए तथा वर्किंग को और अधिक आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्यवाही चल रही है साथ ही गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों को भी इसी योजना के क्रम में स्मार्ट किया जा रहा है जिसके लिये निविदा से पूर्व की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान लगभग 35 फर्म, प्रतिष्ठान के पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर अपनी सुझाव प्रस्तुत किए। वर्चुअल बैठक के माध्यम से भी 15 से 20 कंपनियां जुड़ीं, जिनके द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की निविदा को लेकर अपने सुझाव दर्ज कराए गए जिन पर अग्रिम कार्यवाही शीघ्र ही की जाएगी तथा शहर हित में कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

### इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से ट्रैफिक पर रखी जाएगी नजर



करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा विस्तार से बताया गया कि, शासनादेश के क्रम में गठित कमेटी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर मॉनिटरिंग आई ट्रिपल सी सेंटर के माध्यम से की जाएगी। इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से न केवल ट्रैफिक पर ही नजर बनाई जाएगी बल्कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा हो रहे कार्यों पर भी नजर रखी जाएगी जिस शहर को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकी के सिग्नल लगाएं जाएंगे, सिग्नल तोड़ने वालों के ऑटोमेटिक चालान कट जाएंगे। कैमरों को लगाने की कार्यवाही चल रही है, सॉलिड वेस्ट तथा कूड़े की गाड़ियों पर भी नजर रखी जाएगी, पॉल्यूशन की रेटिंग पर भी उक्त योजना के क्रम में लगातार नजर रखी जाएगी लगभग 27 म्युनिसिपल सर्विसेज पर इसी योजना के क्रम में वर्किंग को स्मार्ट किया जाएगा।

## कमिश्नरेट के प्रत्येक शिवालय पर पुलिस रहेगी तैनात

### शिवरात्रि पर सुरक्षा को लेकर बनाया जा रहा है ड्यूटी प्लान

गाजियाबाद, करंट क्राइम ।8 मार्च को महाशिवरात्रि का त्यौहार है और महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस ने चुनावी सीजन में अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले लगभग 78 से अधिक प्रमुख शिव मंदिरों पर पुलिस की तैनाती का प्लान बनाया गया है। साथ ही इलाके की पीआरवी और चौकी पुलिस को भी यहां मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं शहर के प्रमुख व प्रचीन शिव मंदिर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर को लेकर भी सुरक्षा वाला पूरा प्लान अधिकारियों ने तय कर लिया है। आने वाले दिनों में पुलिस के शीर्ष अधिकारी यहां का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बार दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में बड़ी संख्या में पीएसी के जवानों की भी तैनाती की जाएगी ताकि किसी प्रकार की अवस्था ना हो।



### सीसीटीवी की होगी जांच

**करंट क्राइम।** आने वाले दिनों में पुलिस के अधिकारी दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का निरीक्षण करेंगे। तो यहां लगे कैमरों की मॉनिटरिंग को भी जांचेंगे। इसके साथ ही दूधेश्वरनाथ पुलिस चौकी पर लगे कैमरों का भी हाल जाना जाएगा और आसपास के लगे कैमरों के जरिए पूरे इलाके की सुरक्षा का बंदोबस्त किया जाना है।

### राउंड द क्लॉक लगेगी ड्यूटी

**करंट क्राइम।** डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने जानकारी दी है कि महाशिवरात्रि को लेकर पुलिसकर्मियों की राउंड द क्लॉक ड्यूटी लगाई जाएगी। आठ-आठ घंटे की तीन शिफ्ट में पुलिसकर्मियों को तैनाती दी जाएगी। जिसमें महिला पुलिसकर्मियों से लेकर पुरुषकर्मियों की बड़ी संख्या में ड्यूटी चार्ट बना लिया गया है। वहीं सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही लोकल इंटेलीजेंस और सुरक्षा अधिकारियों को भी तैनाती दी जाएगी।



## लोकसभा के रण में हैंडपम्प आ गया है भाजपा के साथ

# 8 लाख से चुनाव जीतने का दावा करने वाली भाजपा रखेगी रालोद को कितना साथ

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ रालोद का गठबंधन हो गया है। इसके हिस्से में क्या आयेगा इसकी आधिकारिक घोषणा भी हो जायेगी। चुनाव में जब चुनावी दोस्ती होती है तो गठबंधन वाली फिल्म में अपना अपना रोल सभी पूछते हैं। चुनावी दफ्तरों पर ये सीन दिखाई देता है जब गठबंधन वाले चुनावी दफ्तर में अलग अलग पटके पहने कार्यकर्ता दिखाई देते हैं, नेता दिखाई देते हैं। सब इस बात को साबित करते हैं कि वो गठबंधन उम्मीदवार को जिताने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। पिछले चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल की चुनावी दोस्ती बसपा और सपा के साथ थी। इस बार सीन अलग हो गया है। अब सपा और कांग्रेस चुनावी दोस्त हैं। बसपा का हाथी ऐकला चलो की नीति पर चल रहा है और राष्ट्रीय लोकदल का हैंडपम्प भाजपा के साथ आ गया है। सवाल सियासी गलियारों से है और वो ये है कि 8 लाख से ज्यादा वोटों से चुनाव जीतने का दावा करने वाली भाजपा यहां राष्ट्रीय लोकदल के लिए क्या काम छोड़ेगी। देशी की सबसे बड़ी विधानसभा में भाजपा ने सबसे बड़ी जीत हासिल की है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इसी विधानसभा में कुल पड़े वोटों का 71 प्रतिशत वोट भाजपा को मिला है। बात अगर देहात की करें तो भाजपा यहां पहले ही बूथ अभियान के साथ गांव में मौजूद है। उसके लगातार कार्यक्रम चल रहे हैं। उसके नेता गांव मे ं प्रावास कर रहे हैं। वो चोपाल लगा रहे हैं और कार्यकताओं के साथ निवास कर रहे हैं। ऐसे में यहां उन्होंने अपने सहयोगी दलों के लिए विशेष कार्य नहीं छोड़ा है। लेकिन जब चुनाव होगा तो प्रचार वाले रथ पर रालोद वाले भी नजर आयेंगे।







**चुनावी दफ्तरों पर ये सीन दिखाई देता है जब गठबंधन वाले चुनावी दफ्तर में अलग अलग पटके पहने कार्यकर्ता दिखाई देते हैं, नेता दिखाई देते हैं।**

### नगर निगम में 73 वार्डों पर है भाजपा और शून्य सीट पर है रालोद

करंट क्राइम। कहावत है कि दोस्ती बराबर वालो में होती है। हालांकि ये भारत है और यहां कृष्ण सुदामा की दोस्ती के किस्से भी हैं लेकिन सियासत में भागीदारी का मतलब अपनी अपनी जिम्मेदारी से होता है। अगर देहात क्षेत्र को छोड भी दें तो भाजपा नगर निगम क्षेत्र में 100 वाले सदन में भाजपा 73 सीटों के साथ काबिज है। यहां रालोद के पास कोई सीट नहीं है। ऐसे में जब गली मौहल्लों में चुनाव प्रचार शुरू होगा तो भाजपा अपने कार्यकताओं की बूथ अध्यक्ष से लेकर पन्ना प्रमुखों की फौज के साथ आयेगी। यहां पर ये एक बड़ा सियासी सवाल है कि चुनावी रण में भाजपा के रथ पर रालोद की क्या भूमिका रह जायेगी।

### भगवा जाट नेताओं की सियासी ताकत का भी लिटमस टेस्ट

करंट क्राइम। हालांकि भाजपा इस चुनाव में राम और काम दोनों के साथ आ रही है। भाजपा पहले भी ये प्रयोग कर चुकी है जब किसान आंदोलन में उसने अपने जाट नेताओं को देहात में उतारा था। अब जब वो चुनावी रण में आयेगी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ आयेगी तो यहां भाजपा के जाट नेताओं की टीआरपी का भी लिटमस टेस्ट होगा। भाजपा के जाट नेता इन क्षेत्रों में एक्टिव रहे हैं। भाजपा किसान मोर्चा के चार बार प्रदेश अध्यक्ष रह चुके राजा वर्मा का किंग स्टाइल उन्हें यहां दिखाना है। पूर्व मेयर अशु वर्मा मूल रूप से मुरादनगर के ढिंढार गांव के रहने वाले हैं और जाट बेल्ट पर उनकी मजबूत पकड़ है। भाजपा के पुष्पेंद्र रावत जाट समाज से आते हैं और किसान समाज पर उनकी अपनी अलग छाप है। साहिबाबाद के सिंकदरपुर गांव से लेकर मोदीनगर की विधानसभा पर उनकी सियासी गतिविधियां हैं। मुद्दों पर बेहतर पकड़ है। बृजपाल तेवतिया इस बेल्ट के सियासी खिलाड़ी हैं और जाट समाज पर अपनी मजबूत पकड़ रखते हैं। सुधन रावत जाट नेता है, चुनावी चेहरें है और एक लंबा अनुभव उन्हें राजनीति में है। इन जाट नेताओं की विजिट के बाद वोटों की डिजिट पर असर पड़ना ही पड़ना है।

## संपादकीय

# न्याय यात्रा के मायने !

अपनी न्याय यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस में भले ही उत्साह हो, लेकिन आम जनमानस में यात्रा को लेकर कोई उत्साह नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है। जहां तक नफरत का माहौल दूर करने की बात है, तो कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल का परम उद्देश्य यही होना चाहिए। ये देश का मूल मुद्दा है, स्वस्थ समाज के लिए ये जरूरी है कि उसमें किसी भी तरह की नफरत, वैमनस्य, छुआछूत या घृणा ना हो। लेकिन राहुल गांधी यात्रा के दौरान ऐसी बयानबाजी कर देते हैं जो उनकी मोहब्बत की दुकान की नीति और नीयत को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देता है। जहां तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को जोड़ने का सवाल है तो कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी अभी तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को एकजुट करने में बहुत कामयाब नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ-साथ कांग्रेस से बाहर निकलने वालों की बाढ़ आ गई है, खासकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं की। कांग्रेस के सामने पार्टी से छिटक रहे नेताओं को रोकने के अलावा इंडिया गठबंधन से अलग हो रहे राजनीतिक दलों को रोकने की भी चुनौती है। लेकिन ऐसा हा नही पा रहा है। राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। उन्होंने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। साथ ही काशी के युवकों को शराबी व नशेड़ी बता दिया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी की नजदीकी एनडीए से बढ़ गई है। ऐसे में न्याय यात्रा आगे पाट, पीछे सपाट की उक्ति को चरितार्थ कर रही है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि 2019 के बाद से भले ही कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही थी, लेकिन पिछले साल मई में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी को कर्नाटक में हराकर उसने वापसी की उम्मीद जगाई थी। बीजेपी का विरोध करने वाली पार्टियां, भले ही वो कांग्रेस के मजबूत होने से सहमत नहीं थीं, लेकिन उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। इसी से इंडी अलायंसा बना। वर्तमान में राहुल गांधी वायनाड से सांसद हैं। हालांकि, इंडिया गठबंधन की तरफ से अभी केरल में सीटों की शेयरिंग को लेकर अभी कोई समझौता सामने नहीं आया है। यही वजह है कि यूपी में समाजवादी पार्टी और दिल्ली, हरियाणा, गुजरात में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करने के बावजूद, कांग्रेस आलाकमान की चुनौतियां कम होती नजर नहीं आ रहीं। भाजपा लोकसभा चुनाव के रण में उतरने को पूरी तरह से तैयार है। भाजपा ने इस बार 400 से ज्यादा का लक्ष्य रखा है। वास्तव में, बड़ी चुनौती लीडरशिप को लेकर ही है। यह भाजपा के अभियान से बनी छवि की लड़ाई भर नहीं है। क्या राहुल गांधी स्वयं को सक्षम नेता के तौर पर साबित कर पाएंगे? क्या वे स्वयं को नए सिरे से तैयार कर पाएंगे? अभी ये नहीं कहा जा सकता है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से राहुल गांधी या कांग्रेस को राजनीतिक रूप से कितना फायदा होगा। लेकिन यदि कांग्रेस अब अपने दम पर सौ लोकसभा सीट जीतने की स्थिति में भी पहुंच जाती है तो वो निश्चित रूप से विपक्ष का बड़ा चेहरा होंगे।

# केंद्र सरकार ने 28 राज्यों को 1.42 लाख करोड़ रुपये जारी किए

## पश्चिम बंगाल को मिले 10,692 करोड़



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य को कर हस्तांतरण के रूप में 10,692 करोड़ रुपये जारी करने के लिए शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बताया कि विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं और बुनियादी ढांचा विकास योजनाओं के वित्तपोषण के लिए सभी 28 राज्यों को 1.42 लाख करोड़ रुपये की कर हिस्सेदारी की दो किस्तें जारी करने को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल को 10,692 करोड़ रुपये जारी किए गए। जो इस मामले में उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के बाद चौथे स्थान पर है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने राज्य को कर हस्तांतरण के रूप में 10,692 करोड़ रुपये जारी करने के लिए शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया।

नंदीग्राम से भाजपा विधायक अधिकारी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मैं पश्चिम बंगाल राज्य को जरूरी बढ़ावा देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। केंद्र सरकार ने कहा है कि यह राशि 12 फरवरी को पहले जारी की जा चुकी 71,061 करोड़ रुपये की किस्त के कर बंटवारे के अतिरिक्त है। इस घोषणा के साथ, राज्यों को फरवरी 2024 में कर हस्तांतरण की कुल तीन किस्तें मिली हैं।

### पीएम के दौरे से पहले टीएमसी ने मनरेगा की राशि जारी नहीं करने का उठाया मुद्दा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगाल दौरे के पहले तृणमूल कांग्रेस ने मनरेगा के बकाए फंड से जुड़ा मुद्दा उठाया है। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि केंद्र ने जानबूझ कर यह पैसा रोका हुआ है। टीएमसी ने इस मसले पर एक सोशल मीडिया कैंपेन लॉन्च किया है, जिसका नाम 'आए हो तो बता के जाओ' रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार से राज्य के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे हुगली और नादिया जिले में दो जनसभाओं को संबोधित और विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को हुगली जिले के अरामबाग में जबकि शनिवार को नादिया जिले के कृष्णानगर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# सीतारमण बोलीं: डीबीटी के जरिए 34 लाख करोड़ रुपये भेजे गए, ओडिशा सरकार की शिक्षकों को सौगात



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली या पीएफएमएस ने 34 लाख करोड़ रुपये के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) की सुविधा प्रदान की है। सीतारमण ने 48वें नागरिक लेखा दिवस के अवसर पर महालेखा नियंत्रक (सीजीए) और भारतीय सिविल लेखा संगठन (आईसीएओ) को एक लिखित संदेश में कहा कि पीएफएमएस एक मजबूत भुगतान और लेखा नेटवर्क के साथ एक कुशल निधि प्रवाह प्रणाली स्थापित करने की आधारशिला रहा है। पीएफएमएस प्रबंधन सूचना प्रणाली है जिसका उपयोग भारतीय सिविल लेखा सेवा के अधिकारी सरकार के खातों को बनाए रखने के लिए करते हैं। इसका उपयोग प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी खातों में धन हस्तांतरित करने के लिए भी किया जाता है। वित्त मंत्री ने बताया है कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण तंत्र यानी पीएफएमएस के माध्यम से 34 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण हुआ है। यह प्रक्रिया राशि के हस्तांतरण में होने वाली गड़बड़ियों को दूर करता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संदेश को वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने नागरिक लेखा दिवस कार्यक्रम में पढ़ा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकारों सहित 1,081 विभिन्न योजनाओं को डीबीटी के साथ जोड़ा गया है। अब से, उन्हें प्रति माह 10,000 रुपये का पारिश्रमिक मिलेगा, जो वर्तमान में 7,000 रुपये प्रति माह है। बयान में कहा गया है कि इस कदम से 1,121 गण शिक्षकों को लाभ होगा।

### ओडिशा सरकार ने शिक्षकों को दी सौगात

ओडिशा सरकार ने शुक्रवार को अस्थायी शिक्षकों के पारिश्रमिक में बढ़ोतरी और ओडिशा शिक्षक पात्रता परीक्षा (ओटीईटी) पास करने वालों की सेवाओं को नियमित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसकी घोषणा की है। बयान में कहा गया है कि गण शिक्षक के नाम से जाने जाने वाले अस्थायी शिक्षक, जिन्होंने ओटीईटी पास नहीं किया है, उन्हें बढ़ा हुआ पारिश्रमिक मिलेगा।

# बंपर खरीदारी से शेयर बाजार नए हाई पर, सेंसेक्स 1245 अंक चढ़ा, निफ्टी 22300 के पार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन और मार्च महीने के पहले दिन घरेलू शेयर बाजार में दमदार तेजी आई। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचे। इस दौरान सेंसेक्स में 1200 से अधिक अंकों का उछाल आया और यह पहली बार 73800 को पार कर गया। दूसरी ओर, निफ्टी भी पहली बार 22300 के पार पहुच गया। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान बीएसई सेंसेक्स 1,245.05 (1.71%) अंकों की मजबूती के साथ 73,745.35 के लेवल पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 355.96 (1.62%) अंक मजबूत होकर 22,338.75 के स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स सर्वकालिक उच्चतम स्तर 73,819.21 और निफ्टी 22,353.30 पर पहुंचा। तीसरी तिमाही में देश की मजबूत जीडीपी और सकारात्मक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के बाद शेयर बाजार में एक बड़ा उछाल गया। शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.23 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 91.18 लाख करोड़ रुपये हो गया। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी ऑटो के शेयरों में 1.2% की बढ़त दर्ज की गई क्योंकि कंपनियां फरवरी महीने के बिक्री के आंकड़े जारी करने वाली हैं। निफ्टी मेटल, पीएसयू बैंक और ऑयल एंड गैस में भी 1% की बढ़त दर्ज की गई।

# 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ीं

## अब उपभोक्ताओं को चुकाने होंगे इतने रुपये



**नई दिल्ली।** इस बीच सरकार ने शुक्रवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 3,300 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,600 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। अधिसूचना के मुताबिक, घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया गया है लेकिन डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर को 1.50 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इसके अलावा पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर लगने वाले कर को पहले की तरह शून्य रखा गया है। नई दरें एक मार्च से प्रभावी हो गई हैं।

### 2022 में अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया गया था

देश में पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाया गया था। इसके साथ ही भारत उन देशों में शामिल हो गया था, जो ऊर्जा कंपनियों को होने वाले असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े इन कर दरों की समीक्षा की जाती है।

## राशिफल

**मेष:** आज वाहन सुख का विस्तार होगा। पूर्व निर्धारित कार्यों में सफल रहेंगे। भविष्य की चिंता सताएगी। जीवनसाथी के साथ छोटा विवाद होने की संभावना है।

**वृष:** नौकरी और व्यवसाय के लिए अच्छा समय है। उपलब्धियों के अनुसार उचित परितोष प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामलों में वृद्धि के मजबूत संकेत हैं।

**मिथुन:** जिंदगी में होने वाला बदलाव फेवर में रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आप किसी नये कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं।

**कर्क:** आज सम्बंधो में कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति है। व्यापार में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। जहां तक संभव हो, फालतू की यात्रा कम करें।

**सिंह:** आज आप में से कुछ कई क्षेत्रों में सकारात्मक विकास देखेंगे। महत्वाकांक्षी उपक्रमों में निवेश करके आप अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**कन्या:** आज किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

**तुला:** तुला राशि को मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। भौतिक सुखद यात्रा की भी संभावना है।

**वृश्चिक:** प्रेमियों के लिए समय अनुकूल है। जो लोग प्रेम विवाह की प्रतीक्षा में थे, उनकी भी मुराद पूरी होने वाली है। संतान को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है।

**धनु:** अपने माता-पिता के साथ शॉपिंग के लिए जायेंगे। अच्छा डिस्काउंट मिल सकता है। इस राशि के जो लोग पर्यटन से जुड़े हैं, उनकी आय में बढ़ोतरी हो सकती है।

**मकर:** अपने परिवार की भावनाओं को समझकर गुस्से पर काबू रखें। दफ्तर में आप तारीफ पाएंगे। वाहन चलाते वक्त आपको सावधानी बरतनी आवश्यक रहेगी।

**कुंभ:** अपना काम बहुत सलीके से करेंगे। व्यावसायिक योग्यता विकसित होगी। नए उद्यम में सफलता मिलेगी। बौद्धिक क्षमता के कारण प्रचुर सम्मान प्राप्त करेंगे।

**मीन:** कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करेंगे। आपको किसी सामाजिक कार्य में शामिल होने का मौका मिल सकता है। मेहनत से काम में आपको सफलता मिलेगी।

## चुटकुले

एक बार बंता को जोर-जोर से रोता हुआ
देख संता ने उस से पूछा;
संता- तुम क्यों रो रहे हो?
बंता- मेरे पड़ोसी रामू का हाथी मर गया है!
संता- तो तुम क्यों रो रहे हो, क्या तुम उस हाथी से
बहुत प्यार करते थे?
बंता- नहीं!
संता- तो फिर तुम क्यों रो रहे हो?
बंता- मुझे उसकी कब्र खोदने का काम मिला है!

---

मोनू- डॉक्टर साहब 2 साल पहले मुझे बुखार आया
था तो आपने नहाने के लिये मना किया था !!!
डॉक्टर- तो अब क्या?
मोनू- आज इधर से गुजर रहा था तो सोचा कि पूछता
चलू ..अब नहा लूं क्या ?

---

संता- अगर तुम्हें गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- मैं कूलर के पास जाकर बैठ जाता हूं।
संता- अगर फिर भी गर्मी लगती है तो क्या करते हो?
बंता- तो फिर मैं कूलर चालू कर लेता हूं!

## रोचक तथ्यों का करंट

- माउंट एवरेस्ट पर इसके बारे में 200 मृत शरीर हैं, जो अब शीर्ष के रास्ते पर मौजूद हैं।
- माउंट एवरेस्ट न केवल पर्वतारोहियों की लाशों से बनी है, लेकिन अनुमानित 50 टन कचरा, यह दुनिया का सबसे गन्दा पर्वत बना रहा है। ऐतिहासिक रूप से, हर 100 पर्वतारोहियों के लिए जिन्होंने इसे माउंट एवरेस्ट के शिखर तक अपनी पहुँच बनायीं है, 4 की मृत्यु हो गई है।
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते हुए 65,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है।
- माउंट एवरेस्ट के शीर्ष पर पानी का उबलते बिंदु 71 डिग्री सेल्सियस (160F) है।
- माउंट एवरेस्ट प्रत्येक वर्ष 0.1576 इंच (4 मिमी) बढ़ता है।
- माउंट एवरेस्ट तक मार्ग पर उच्च गति वाला इंटरनेट है।
- नेपाल में 2015 भूकंप के कारण माउंट एवरेस्ट ने एक इंच (2.5 सेमी) सिकुड़ गया है।
- माउंट एवरेस्ट को 'ईव-रेस्ट' कहा जाता है, 'एवर-एस्ट' नहीं, जैसा कि इसका नाम जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर है।

# दुबई में रहने वाले हवाला कारोबारी के 580 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव एप से जुड़े धनशोधन मामले में ताजा छापेमारी के बाद दुबई के एक हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की सिक्योरिटी होल्डिंग, 3.64 करोड़ रुपये की नकदी और कीमती सामान जब्त किया है। ईडी ने 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर के विभिन्न परिसरों पर छापेमारी शुरू की थी। महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप की ईडी की जांच में छत्तीसगढ़ के कई उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने इस मामले में हवाला कारोबारी हरिशंकर टिबरेवाल की पहचान की है। वह कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रहता है। उसने महादेव एप के प्रमोटरों के साथ साझेदारी की और एक कथित अवैध सट्टेबाजी एप स्काईएक्सचेंज का स्वामित्व और संचालन भी किया।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# लियोन ने वॉल्श को पीछे छोड़ा, कैमरन ग्रीन-हेजलवुड की रिकॉर्ड साझेदारी, 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**वेलिंगटन।** कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड की जोड़ी ने शुक्रवार को इतिहास रच दिया। इन दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 10वें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की। यह इस विकेट के लिए ऑस्ट्रेलिया की चौथी सबसे बड़ी साझेदारी है। वहीं, 10वें विकेट के लिए यह ओवरऑल 16वीं सबसे बड़ी साझेदारी है। इस जोड़ी ने वेलिंगटन में जारी पहले टेस्ट के दौरान दूसरे दिन सुबह के सत्र में कीवी गेंदबाजी आक्रमण को खूब परेशान किया और अंतिम विकेट के लिए आसानी से 116 रन जोड़े। इन दोनों ने जेसन गिलेस्पी और ग्लेन मैक्ग्रा की जोड़ी द्वारा 2004 में ब्रिस्बेन में जोड़े गए 114 रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह साझेदारी ऑस्ट्रेलिया की रेड-बॉल क्रिकेट में दसवें विकेट के लिए 100 रन या उससे अधिक की छठी साझेदारी थी। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 383 रन का स्कोर खड़ा किया। ग्रीन ने 174 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं हेजलवुड ने 22 रन बनाए। सूझबूझ से की बल्लेबाजी दोनों ने जरूरत पड़ने पर समझदारी से बल्लेबाजी की। 10वें विकेट की साझेदारी के दौरान ग्रीन ने आक्रामक रुख अपनाया और ताबड़तोड़ शॉट्स बरसाए। ग्रीन का यह टेस्ट करियर का दूसरा शतक रहा। उन्होंने पिछले साल अहमदाबाद में भारत के खिलाफ 114 रन की पारी खेली थी। टॉम लाथम पांच रन, विल यंग नौ रन, डेरिल मिचेल 11 रन और कप्तान टिम साउदी एक रन बनाकर आउट हुए। केन विलियम्सन, रचिन रवींद्र और कग्लेजिन खाता भी नहीं खोल सके। लियोन ने कहर बरपाते हुए चार विकेट झटके। इसी के साथ वह टेस्ट में सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।



## लियोन ने इतिहास रचा

वहीं, ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने भी इतिहास रच दिया है। ऑस्ट्रेलिया के 383 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी 179 रन पर सिमट गई। ग्लेन फिलिप्स ने 71 रन की पारी खेली। मैट हेनरी ने 42 रन बनाए। वहीं, टॉम ब्लंडेल ने 33 रन की पारी खेली। चार बल्लेबाज तो खाता भी नहीं खोल सके।

## वॉल्श का रिकॉर्ड तोड़ा

उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज कोर्टनी वॉल्श का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वॉल्श ने 2001 में 519 विकेट लिए थे। इस मैच में तीन विकेट लेते ही लियोन ने वॉल्श को पीछे छोड़ दिया। अब उनके नाम 521 विकेट हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 800 विकेट लिए थे। फिलहाल ऑस्ट्रेलियाई टीम की दूसरी पारी जारी है।

# राजस्थान लीजेंड ने मुंबई चेम्पियन को 8 विकेट से हराया, नमन शर्मा मैन ऑफ द मैच रहे



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजस्थान लीजेंड ने मुंबई चेम्पियन को 8 विकेट से हराया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए। पीटर टिएगो ने 77, फिल मस्टर्ड 59, रजत 47 रन बनाए। प्रसन्ना ने 2 विकेट लिए जवाब में राजस्थान की तरफ से नमन शर्मा ने शानदार शतक 148 व एजोला परेरा के 59 रन की मदद से 19.1 ओवर में 2विकेट पर225 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच पुरस्कार नमन शर्मा को मुनेश त्यागी सचिन अरोड़ा द्वारा दिया गया।





# क्रिकेट में फिर आया मैच फिक्सिंग का भूचाल

**कोलकाता।** आईपीएल खेल चुके विकेटकीपर-बल्लेबाज श्रीवत्स गोस्वामी ने मैच फिक्सिंग को लेकर बड़ा दावा किया है। गोस्वामी का कहना है कि कोलकाता लीग क्रिकेट में मैच फिक्सिंग की बात कही है।

गोस्वामी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि जिस तरह से कुछ खिलाड़ियों को आउट किया गया, उससे बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (CAB) के फर्स्ट डिवीजन लीग का एक मैच फिक्स लग रहा। गोस्वामी ने कहा कि यह सब देखकर उनका दिल टूट गया है। गोस्वामी आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए भी खेल चुके हैं।

इस स्टार विकेटकीपर ने अपने फेसबुक पेज पर मोहम्मडन स्पोर्टिंग और टाउन क्लब के बीच एक मैच के वीडियो साझा किए और सवाल उठाए. गोस्वामी ने आरोप लगाया कि मोहम्मडन स्पोर्टिंग के बल्लेबाज जानबूझकर टाउन क्लब को सात अंक दिलाने के लिए आउट हो रहे थे, यह क्लब टीम इंडिया के पूर्व मैनेजर देबब्रत दास से जुड़ा है, जो वर्तमान में उअइ के सेक्रेटरी हैं। दास 2022 में गई टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे के दौरान भारतीय टीम के एडमिनस्ट्रेटिव मैनेजर थे। श्रीवत्स गोस्वामी ने क्यों उठाए सवाल? गोस्वामी ने फेसबुक पोस्ट में लिखा- यह कोलकाता क्लब क्रिकेट में एक सुपर डिवीजन मैच है, दो बड़ी टीमें ऐसा कर रही हैं, कोई जानकारी है कि यहां क्या हो रहा है? पहले वीडियो में, दाएं हाथ का एक बल्लेबाज गेंद को सीधे अपने स्टंप पर छोड़ता हुआ दिखाई दे रहा है और फिर वह अचानक मैदान से बाहर चला जाता है. वहीं दूसरे दूसरे वीडियो में एक बाएं हाथ का बल्लेबाज स्टंप आउट होने के लिए वाइड गेंद पर क्रीज से बाहर आता है। साल्ट लेक में 22 याड्र्स अकादमी में तीन दिवसीय मैच बुधवार को टाउन क्लब के सात अंक हासिल करने के साथ समाप्त हो गया. इस मैच में शाकिब हबीब गांधी के 223 रन ने टाउन क्लब को 446 रन पर पहुंचाया. जवाब में, मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने जॉयजीत बसु के सर्वाधिक 100 रन की मदद से 281/9 रन बनाए. बसु के जाने के बाद स्पोर्टिंग ध्वस्त हो गई। गोस्वामी बोले- यह देख मेरा दिल टूट गया 34 साल के गोस्वामी ने कहा कि एक तरह से यह क्रिकेट के वेकअप कॉल की तरह है। उन्होंने क्रिकेट में हुई इस धांधली का अनौपचारिक विवरण दिया है. गोस्वामी ने कहा- मुझे यह देखकर शर्म आती है कि मैंने ये खेल खेला जो मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे क्रिकेट पसंद है और मुझे बंगाल में खेलना पसंद है लेकिन इसे देखकर मेरा दिल टूट जाता है। क्लब क्रिकेट, बंगाल क्रिकेट का दिल और आत्मा है, कृप्या इसे बर्बाद न करें। मुझे लगता है कि मैंने क्रिकेट को जगाने का काम किया है, अब मीडिया कहां है?



### स्नेहाशीष गांगुली ने मांगी रिपोर्ट

PTI की इस रिपोर्ट के मुताबिक, इस पूरे मसले पर देबब्रत दास ने रिएक्शन नहीं दिया है। वहीं उअइ अध्यक्ष अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने कहा कि उन्होंने अंपायरों और पर्यवेक्षकों से रिपोर्ट मांगी है। स्नेहाशीष सौरव गांगुली के बड़े भाई हैं। स्नेहाशीष गांगुली ने कहा- हमने इस मामले पर विचार करने के लिए 2 मार्च को टूर्नामेंट कमेटी की बैठक बुलाई है।

# बैजबॉल को घुटनों पर लाने के लिए उतर सकती है ये प्लेइंग-11... 5वें टेस्ट में डेब्यू करेंगे देवदत्त पडिक्कल?

**धर्मशाला।** भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा. यह मैच 7 मार्च से होगा। इस मुकाबले से रजत पाटीदार को बाहर किया जा सकता है। उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का मौका मिल सकता है। इस तरह यह सीरीज में 5वें भारतीय प्लेयर का डेब्यू होगा। यदि ऐसा होता है, तो 24 साल पुराना एक रिकॉर्ड ध्वस्त हो जाएगा। बता दें कि मौजूदा टेस्ट सीरीज में भारत की ओर से रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और आकाश दीप डेब्यू कर चुके हैं।

### अब तक सीरीज में 4 भारतीयों ने किया डेब्यू

24 साल बाद ऐसा देखने को मिला है, जब किसी टेस्ट सीरीज में 4 भारतीय खिलाड़ियों का डेब्यू हुआ है। मगर अब यह भी रिकॉर्ड टूट सकता है। इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2000 में ऐसा हुआ था, जब मुरली कार्तिक, वसीम जाफर, मोहम्मद कैफ और निखिल चोपड़ा ने डेब्यू किया था।



## भारतीय प्लेइंग-11 में हो सकते हैं ये 2 बदलाव

भारतीय टीम में 2 बड़े बदलाव हो सकते हैं। पहला रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है। दूसरा गेंदबाजी में आकाश दीप को बाहर कर उपकप्तान जसप्रीत बुमराह को लाया जा सकता है। पिछले मैच में आकाश ने डेब्यू किया था और एक ही पारी में गेंदबाजी का मौका मिला था। इसमें उन्होंने 3 विकेट झटके थे।

ऐसे में धर्मशाला टेस्ट में डेब्यू करने वाले पडिक्कल इस सीरीज में 5वें भारतीय होंगे. इस तरह 24 साल पुराना 4 प्लेयर्स के डेब्यू का रिकॉर्ड टूट जाएगा। बता दें कि भारतीय टीम ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में पहले ही 3-1 से कब्जा जमा लिया है। अब आखिरी मैच जीतकर इंग्लैंड के बैजबॉल गेम को पूरी तरह से घुटनों पर लाने की तैयारी है।

## धर्मशाला टेस्ट के लिए भारतीय संभावित प्लेइंग-11

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार/देवदत्त पडिक्कल, रवींद्र जडेजा, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर. अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

# यशस्वी जायसवाल की नजर में सुनील गावस्कर का 53 साल पुराना रिकॉर्ड, क्या धर्मशाला में रचेंगे इतिहास?

नई दिल्ली। बाएं हाथ के भारतीय युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने हर टेस्ट मैच में पचास से ज्यादा रन बनाए हैं और दो दोहरे शतक भी लगाए हैं। अब आखिरी टेस्ट धर्मशाला में सात मार्च से खेला जाना है, जहां एक बड़ा रिकॉर्ड यशस्वी जायसवाल का इंतजार कर रहा है। मुंबई का यह खब्बू ओपनर किसी एक द्विपक्षीय श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रचने की कगार पर हैं। रांची में चौथे टेस्ट के दौरान, जायसवाल ने विराट कोहली के 655 रन के रिकॉर्ड की बराबरी की। कोहली ने यह उपलब्धि 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर हासिल की थी। जायसवाल ने मौजूदा भारतीय कोच राहुल द्रविड़ को भी पछाड़ दिया है, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 619 रन और इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में 602 रन बनाए थे। लिस्ट में सबसे ऊपर विराट कोहली हैं, जिन्होंने 2014/15 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 692 रन बनाए थे। हालांकि, पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर के नाम 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक विदेशी श्रृंखला में 774 रन और 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक घरेलू श्रृंखला में 732 रन का रिकॉर्ड है। कोहली अपने करियर में तीन बार 600 से ज्यादा रन बना चुके हैं, जिसमें ऊपर बताई गई सीरीज भी शामिल है, उन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 610 रन भी बनाए थे।



# नहीं थम रहा ईशान-श्रेयस को अनुबंध से निकालने का विवाद, अब साहा ने कहा- आप जबरदस्ती नहीं कर सकते

**मुंबई।** भारत के अनुभवी विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा ने गुरुवार को कहा कि अगर कोई क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट नहीं खेलना चाहता है तो कुछ भी 'जबरदस्ती' नहीं किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि घरेलू क्रिकेट एक अच्छे खिलाड़ी बनने का आधार है और हर किसी को सफल होने के लिए इसे पर्याप्त महत्व देना चाहिए। साहा की यह प्रतिक्रिया ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को 2023-24 सत्र के लिए बीसीसीआई की वार्षिक केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर किए जाने के बाद आई।

### ऋद्धिमान साहा ने क्या कहा?

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा था कि दोनों क्रिकेटरों को लेकर वार्षिक अनुबंध के लिए विचार नहीं किया गया था। इस पर साहा ने कहा, 'यह बीसीसीआई का फैसला है और संबंधित खिलाड़ियों का निजी फैसला है। जबरदस्ती आप कुछ नहीं कर सकते या किसी को खेलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते।' ये दोनों कुछ समय पहले तक भारतीय टीम का हिस्सा थे। दोनों पिछले साल वनडे विश्व कप भी खेलते दिखे थे। किशन पिछली बार दिसंबर में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टेस्ट टीम का हिस्सा थे, जबकि अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के पहले दो टेस्ट खेले। घरेलू क्रिकेट को लेकर साहा का बयान साहा ने कहा कि एक क्रिकेटर को एक मिसाल पेश करते हुए हर मैच को समान महत्व देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब भी मैं फिट होता हूं तो हर तरह के मैच खेलता हूं, यहां तक कि मैं क्लब मैच, ऑफिस मैच भी खेलता हूं। मैं हमेशा घरेलू मैच को भी एक बड़े मैच की तरह लेता हूं। मेरे लिए सभी मुकाबले बराबर हैं। अगर हर खिलाड़ी इस तरह से सोचता है, तो वे केवल अपने करियर में निखार लाता है और यह भारतीय क्रिकेट के लिए भी बेहतर होगा। घरेलू क्रिकेट की अहमियत हमेशा रहेगी उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत हमेशा रही है क्योंकि अगर मैं सरफराज खान की बात करूं तो उन्होंने पिछले चार-पांच साल में काफी रन बनाए हैं। निश्चित रूप से उन्होंने प्रदर्शन किया है।' साहा ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की बल्लेबाजी को शानदार करार दिया। जुरेल ने तीसरे टेस्ट में टेस्ट डेब्यू पर 46 रन बनाए और इसके बाद रांची में चौथे टेस्ट में 90 और 39 नाबाद के स्कोर के साथ प्लेयर ऑफ द मैच बने। साहा ने की जुरेल की तारीफ साहा ने कहा, 'मैंने उन्हें (जुरेल) घरेलू क्रिकेट में कभी नहीं देखा और न ही टेस्ट मैचों में मैंने उन्हें खेलते देखा है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी शानदार है। उन्होंने टीम के लिए आखिरी टेस्ट जीता।' साहा को यह भी लगता है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है क्योंकि इसकी बेंच स्ट्रेंथ एक बार फिर घरेलू सर्किट के महत्व को दिखाती है। उन्होंने कहा, 'यह देखना हमेशा अच्छा होता है कि जब भी किसी को मौका मिलता है तो आपकी रिजर्व बेंच तैयार रहती है। कुछ खिलाड़ी खेलना नहीं चाहते उन्होंने कहा, 'कुछ खिलाड़ियों को मौका मिल रहा है, लेकिन वे खेलना नहीं चाहते जो कि उन्हें नहीं करना चाहिए। जब भी आपको खेलने का मौका मिलता है, तो आपको खेलना चाहिए चाहे वह लाल गेंद हो या सफेद गेंद। साहा ने 40 टेस्ट खेले और 1353 रन बनाए। वह विकेट के पीछे 104 आउट शिकार किए, जिनमें 92 कैच और 12 स्टंपिंग शामिल हैं।



# बुमराह की वापसी से कटेगा सिराज या आकाश दीप का पत्ता? पांचवें टेस्ट में पडिक्कल का डेब्यू तय!

**धर्मशाला।** इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले में जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। धर्मशाला में सात मार्च से खेले जाने वाले मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग 11 में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस मैच में केएल राहुल एक बार फिर नजर नहीं आएंगे। वहीं, देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का मौका मिल सकता है। भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज में टीम इंडिया ने चौथा मुकाबला जीतकर सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है। अब टीम की नजर पांचवें टेस्ट पर है। इस मुकाबले के लिए गुरुवार को बीसीसीआई ने टीम इंडिया की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज बुमराह की वापसी हुई। वहीं, देवदत्त पडिक्कल को टीम में शामिल किया गया। वह इस वक्त फॉर्म में हैं और पदार्पण कर सकते हैं। पांचवें टेस्ट में कटेगा सिराज का पत्ता! इस मुकाबले में भारत के गेंदबाजी आक्रमण में अहम बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल, चौथे टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा ने बुमराह की जह आकाश दीप को मौका दिया। डेब्यू टेस्ट में उन्होंने तीन विकेट हासिल कर प्रभावित किया। वहीं, मोहम्मद सिराज को सिर्फ दो विकेट मिले। दूसरी पारी में उनके हाथ कोई सफलता नहीं लगी। इस सीरीज में सिराज ने तीन मैच खेले। राजकोट टेस्ट में उन्हें चार और रांची में दो विकेट मिले। ऐसे में तेज गेंदबाज को धर्मशाला टेस्ट में बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। ऐसे में भारत दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकता है। प्लेइंग 11 से बाहर हो सकते हैं रजत पाटीदार रजत पाटीदार को विशाखापत्तनम टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला। वह पहली पारी में 32 और दूसरी पारी में नौ रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद उन्हें राजकोट में फिर से मौका दिया गया। रजत एक बार फिर से फेल हो गए। वह पहली पारी में पांच रन ही बना पाए थे। दूसरी पारी में तो खाता भी नहीं खोल पाए। चौथे मैच में रजत ने पहली पारी में 17 रन बनाए और दूसरी पारी में वह शून्य पर आउट हो गए। ऐसे में छह पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाने वाले रजत को बाहर बैठना पड़ सकता है।



## शानदार फॉर्म में पडिक्कल

रजत के स्थान पर कर्नाटक के बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है। पडिक्कल ने 31 प्रथम श्रेणी मैचों में 44.54 की औसत से 2227 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने छह शतक और 12 अर्धशतक लगाए हैं। पडिक्कल ने अपनी पिछली 11 पारियों में पांच शतक लगाए हैं। उन्होंने तीन शतक कर्नाटक के लिए और दो भारत-ए के लिए लगाए हैं। उनके शानदार फॉर्म को देखकर रोहित शर्मा रांची टेस्ट में रजत पाटीदार की जगह उन्हें मौका दे सकते हैं।

# मेरे को फर्क नहीं पड़ता, मुझे 1000 लोगों ने रोका: हार्दिक पाण्डया

नई दिल्ली। हार्दिक पंड्या अब सीधे आईपीएल 2024 में खेलते हुए दिखाई देंगे. 19 अक्टूबर को हार्दिक वर्ल्ड कप में पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय चोटिल हो गए थे. इस वजह से उनको ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज, दक्षिण अफ्रीका सीरीज, अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज से भी नदारद रहे. पिछले साल ऑक्शन से पहले हार्दिक को मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स से ट्रेड किया था, ऐसे मे वो इस बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे. वहीं एक इंटरव्यू में हार्दिक ने अपने से जुड़े कई राज खोले।

हार्दिक पंड्या ने यूट्यूबर यूके 07 राइडर के साथ बात की, इसमें उन्होंने कहा कि वो होम बॉय है. उन्हें घर में रहना पसंद है. मीडिया में आना उन्हें पसंद नहीं हैं. इस दौरान पंड्या ने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब मैं 50 दिनों तक घर से बाहर नहीं निकला था. मैंने होम लिफ्ट भी नहीं देखी. मेरे पास अपना होम जिम, होम थिएटर है. जो चीजें मुझे पसंद हैं वे मेरे घर में हैं. हार्दिक ने कहा उनको ᵖ के साथ समय बिताना ही अच्छा लगता है। हार्दिक ने इस दौरान अपनी जर्नी के बारे में बताया. उन्होंने अपने स्ट्रगल के बारे में कहा- अपने काम के प्रति ईमानदार रहिए। अगर आपके अंदर जुनून हैं तो नहीं रोक सकता है, मैं भी किसी को नहीं रोक सकता हूं. मुझे भी हजार लोगों ने रोकने की कोशिश की। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है।



इस दौरान उन्होंने रैपिड फायर सवाल जवाब में भी कई चीजें बताईं. उन्होंने कहा कि उनको बॉब मार्ले उन्हें पसंद हैं. वहीं उन्होंने कहा कि उनको रैप बिल्कुल भी पसंद नहीं है। हार्दिक ने यह भी बताया कि शुरूआत में जब उनको आईपीएल में 10 लाख रुपए का कॉन्ट्रैक्ट मिलता था. पर उनको लगता था कि आईपीएल में जो मैन ऑफ द मैच का पैसा है, वो एक इंडीविजुअल को मिलता है, लेकिन ऐसा नहीं है. वो पूरी टीम में बंटता है। उनसे जब यह पूछा गया कि पूर्व का ऐसा ऐसा कौन सा गेंदबाज है, जिसे वो फेस करना चाहेंगे? इस पर वो बोले वैसे तो कोई भी नहीं क्योंकि सब खतरनाक थे. शेन वॉर्न और शोएब अख्तर बहुत खतरनाक थे। हार्दिक ने मुंबई इंडियंस के फैन्स को लेकर कहा कि उनको उम्मीद है कि उन्हें सपोर्ट मिलता रहेगा. वह लोगों को इंटरटेन करने की कोशिश करेंगे। वहीं हार्दिक के सुपरकार की टेस्ट राइड को को लेकर कुछ फोटो वायरल हुए थे, इस पर भी वो इस इंटरव्यू में बोले- मैं मीडिया में कमेंट करता नहीं हूं, तो मैंने कभी किया नहीं, तो मुझे फर्क नहीं पड़ता है।

# नोएडा में खनन कर रहे चार आरोपी गिरफ्तार

## फरीदाबाद, दिल्ली की तरफ यमुना नदी के किनारे दो ट्रैक्टर ट्रॉली, जेसीबी बरामद

**नोएड।** नोएडा में यमुना नदी के किनारे अवैध रूप से खनन कर रहे चार लोगों को एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस ने गुरुवार रात को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से बालू से भरे दो ट्रैक्टर-ट्राली और एक जेसीबी मशीन बरामद हुई है।

आरोपियों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। गिरफ्त में आए आरोपियों में तीन चालक हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि याकूबपुर गांव के पास सेक्टर 135 में बड़े पैमाने पर यमुना नदी से बालू खनन किया जा रहा है।इसके बाद थाना प्रभारी ने इसकी जानकारी जिला खनन अधिकारी



रणजीत निर्मल को दी। पुलिस की टीम खनन अधिकारी के साथ यमुना नदी के जंगलों से होते हुए पैदल की उस जगह पर पहुंच गई जहां अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। इसके बाद टीम ने फरीदाबाद निवासी चालक सोहेल, चालक शिवेंद्र, चालक चिंटू और पवन को दबोच लिया। चारों के पास से पुलिस ने अवैध रूप से खनन करके बालू से भरी गई दो ट्रैक्टर ट्राली और एक जेसीबी मशीन बरामद की। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी थाना क्षेत्र के यमुना पार की जो जमीन गौतमबुद्धनगर में आती है, वहां काफी दिनों से अवैध खनन कर रहे हैं। पुलिस इस बात की जानकारी जुटा रही है कि अवैध खनन के दौरान बालू निकालकर आरोपी उसे कहां और किसको बेचते हैं।

आशंका है कि फरीदाबाद और दिल्ली की तरफ यमुना पार जो गौतमबुद्धनगर की जमीन है वहां कई खनन माफिया सक्रिय हैं। कुछ दिन पहले भी यहां से बालू से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को बरामद किया गया था। चारों के अन्य साथियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। सेक्टर-126 में भी यमुना नदी के किनारे ऐसे लोग सक्रिय हैं।

# एक्सप्रेस वे पर कार में लगीआग

## दमकल की गाड़ी ने आधे घंटे में पाया काबू



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-146 सेक्टर के पास एक्सप्रेस वे पर एक हुंडई सेंट्रो कार में लग गई। जब आग लगी तो कार परिचौक से नोएडा की ओर जा रही थी। आग ने मिनटों में ही विकराल रूप ले लिया। गनीमत रहीं कि आग से कोई जन हानि नहीं हुई। आग की वजह से एक्सप्रेस वे के यातायात को सर्विस लेन से निकाला गया। कुछ देर तक जाम लगा इसके बाद ट्रैफिक को सामान्य किया गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि कार में आग की वजह शॉंट सर्किट बताई जा रही है। कार पेट्रोल और सीएनजी फिटिड़ थी। इसलिए तेजी से आग फैली। गनीमत रहीं किसी प्रकार का विस्फोट नहीं हुआ। जानकारी मिलते ही मौके पर दमकल की एक गाड़ी को भेजा गया। सबसे पहले ट्रैफिक को पुलिस की ओर से डायवर्ट किया गया इसके बाद आग पर काबू पाया गया। करीब आधे घंटे बाद आग बुझ सकी। इसके बाद क्रेन की मदद से कार को एक्सप्रेस वे किनारे किया गया। बताया गया कि जिस समय आग लगी। चालक ने गाड़ी साइड की और उतर गया। उसने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग तेजी से फैल गई। आग से कार जलकर राख हो गई। कोई जन हानि नहीं हुई है।




### अफसर से बोला भाजपाई काश हमारी सरकार ना आई होती

दूसरी पारी में भी देवतुल्यों की पीड़ा जारी है। वैसे तो पहली पारी में ही इतना सम्मान हुया कि कई ने तो सिफारिश से ही तौबा कर ली और कई नेताओं ने चौकी थाने तहसील दिवस तक में जाना ही छोड़ दिया। पहले भी सरकार वालों ने सरकारी सभागार से लेकर एमएलसी के कालेज वाले सभागार में मन के दर्द को साझा किया था। वैसे तो चीरहरण सभी का हुया है किसी का डीएम के कक्ष में तो किसी का सीएम वाले कक्ष में। बात कक्ष की चली तो भाजपाई ने पक्ष और विपक्ष की ताकत एक अफसर को ही बता दी। अफसर अपने कक्ष में बहुत देर से एक भाजपाई को रूल बता रहे थे,उन्हे कह रहे थे कि आपकी ही सरकार है और आप ही तकरार कर रहे हो। भाजपाई ने भी काफी देर तक सुनने के बाद गहरी सांस ली और फिर कहा कि काश आप तब आये होते जब यहां सपा और बसपा की सरकारें रही हैं। तब आपको पता चलता कि विपक्ष में भाजपा का कार्यकर्ता यहां कितना पॉवर फुल होता था। अब तो पॉवर वालों के सामने कार्यकर्ता लूल साबित हो रहा है। भाजपाई ने कहा कि काश हमारी सरकार ना आई होती फिर आप हमारा लहजा भी देखते और लिहाज भी करते।

### चल रही है ये हवा कि दो बागियों पर होने वाली है सरकारी कृपा

कमांडर कहते ही रह गये कि जिन्होने भाजपा की खिलाफत की है उनके लिये दरवाजे नही खोले जायेगें। मगर जनरली कुछ ऐसा था और कुछ केयर उस छोर से भी हो रही थी तो भर्ती मेले में घर वापिसी का संयोग बन गया। जिन फूल वालों ने बगावत कर फूल वालों की ही चूलें हिला दी थी उन बागियों का सन्यास खत्म हुया और वो फिर से देवतुल्य हो गये। अब कृपा का बादल बागियों पर ही बरसने वाला है और बताने वाले बता रहे हैं कि दो बागी तो ऐसे हैं जिनके नाम पर हुकूमत राजी है। वो बता रहे हैं कि दो भगवा बागियों पर सरकारी कृपा होने वाली है। अब कृपा का स्वरूप ऐसा भी हो सकता है कि नामित पार्षद बना दिया जाये और इनमें से एक नाम नदिया पार से भी आयेगा।

### भाजपाईन है अब इतनी खफा कि उसने कर दिया सभी को दफा

नारे लगाये,प्रकल्प से लेकर आयाम में काम किया पर जब उम्मीदवारी की बेला आई तो भाजपाईन की चुनावी उम्मीदों के साथ ही खेला हो गया। अलाने जी भाईसाहब से लेकर फलाने जी माननीय दिलासा देते रहे कि टिकट तुम्हारा ही हो रहा है। लेकिन टिकट के निकट भी कोई और ही आ गया और भाजपाईन ने भीतर से पूरा घात किया पर लहर ऐसी थी कि वो फिर भी जीत कर आ गया। अब भाजपाईन इतनी खफा हैं कि उसने सभी को दिल के दर से लेकर घर के डोर तक दफा कर दिया है। कई को ब्लाक किया है और कई के लिये डोर ही नही खुलते हैं। अब भाजपाईन फुल बिजी है और अब सीन ये है कि ना उसे पद चाहिये और ना ही प्रकल्प आयाम से उसे कोई काम है

### छा गया मौन जब पूछा कि तुम दोनों में से चुनाव लड़ायेगा कौन

भगवा लैंड पर हाथ और साईकिल वालों ने चुनावी हैंड मिलाये हैं। इंटरनल सूत्र ने ही कहा कि लड़ तो कोई भी लेगा मगर यक्ष सवाल ये है कि चुनाव लड़ायेगा कौन। इस कौन के सवाल पर ही मौन छा गया। किसी ने अपनी जुबान से नही कहा कि हम लड़ायेगें चुनाव। हाथ वालों ने भी ऑफ द रिकार्ड कहा कि वार्ड में टीम नही हैं हमारे पास और सीन साईकिल वालों के यहां भी कमोबेश यही है। अगर ऐसा नही है कि तो दोनो दलों के प्रधान कर दें एक बार बूथ मडंल और मौहल्ला टीमों का खुला एलान।

# सीबीआई के 30 उप-निरीक्षकों के 27 वें बैच का अलंकरण समारोह आयोजित

## प्रशिक्षुओं को सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने ट्रॉफी व पदक देकर सम्मानित किया







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो के 30 उप-निरीक्षकों के 27 वें बैच का अलंकरण समारोह शुक्रवार को हापुड़ रोड स्थित सीबीआई अकादमी में किया गया। सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि रहे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने युवा अधिकारियों एवं उनके परिवारों को सीबीआई अकादमी द्वारा प्रस्तावित उनके बहुमुखी प्रशिक्षण के सफल समापन पर बधाई दी। श्री सूद ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो के सदस्य के रूप में अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए अपने कौशल का सीबीआई के उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण उपयोग करेंगे। यह देखते हुए कि अधिकांश अधिकारी तकनीकी पृष्ठभूमि से हैं, उन्होंने जोर दिया कि शिक्षण एवं प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान व सीख तब काम आएगी जब अधिकारी कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपनी सीखने की प्रक्रिया का वास्तविक हिस्सा शुरू करेंगे। इस धारणा के विपरीत कि प्रशिक्षण पूरा होने के साथ सीखना समाप्त हो जाता है, श्री सूद ने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक सीखने की प्रक्रिया वास्तव में तभी शुरू होती है।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि इसके बाद हर दिन एवं हर अनुभव अधिकारियों को अधिक जानकार व सशक्त बनाएगा। अधिकारियों से पूरी सेवा के दौरान अच्छा आचरण बनाए रखने का आह्वान करते हुए, निदेशक सीबीआई ने इस बात पर जोर दिया कि सीबीआई एक ऐसा स्थान है, जहां बाहरी प्लेटफार्मों के माध्यम से मान्यता प्राप्त करने से दूर रहते हुए, अनाम एवं चुपचाप तरीके से कार्य करने की जरूरत है। श्री सूद ने कहा कि संगठन व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना तथा पुरस्कारों के माध्यम से अच्छे कार्य को मान्यता देने हेतु संगठन के भीतर पर्याप्त विकल्प हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीबीआई अधिकारियों के रूप में आप संगठन के ब्रांड एंबेसडर बनने जा रहे हैं क्योंकि आपका आचरण एवं कार्य हमेशा अदालत व जनता की जांच के दायरे में रहेगा जिसका असर सीबीआई पर पड़ेगा।

प्रवीण सूद ने यह भी कहा कि सीबीआई, भ्रष्टाचार निवारण, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, विशेष अपराध आदि सहित जांच के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट डोमेन विशेषज्ञता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने पासिंग आउट अधिकारियों को इस तरीके से कार्य करने की सलाह दी कि वे अगले 4-5 वर्षों के अनुभव में अपनी पसंद की विशेषज्ञता से सुसज्जित हों। अलंकरण समारोह के दौरान, सीबीआई के निदेशक ने प्रशिक्षुओं को पदक एवं ट्राफियां प्रदान कीं।

उन्होंने जुमरानी प्रिंस ओमप्रकाश को सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड एसआई प्रशिक्षु हेतु डीपी कोहली पुरस्कार से सम्मानित किया। विक्की राज को इनडोर स्टडीज हेतु डीसीबीआई ट्रॉफी एवं साइबर अपराध जांच ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। श्री सुधांशु को सर्वश्रेष्ठ आउटडोर हेतु जॉन लोबो ट्रॉफी के लिए चयनित किया गया और अंकित तंवर को समर्पण व अनुकरणीय आचरण के लिए सीबीआई अकादमी ट्रॉफी प्राप्त हुई। युवा सीबीआई अधिकारियों को 38 सप्ताह के कठोर, परिश्रमी एवं मेहनती प्रशिक्षण से गुजरना पड़ा, जो एसएससी (संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) के माध्यम से चयनित होने के पश्चात अपने बुनियादी प्रशिक्षण हेतु 5 जून, 2023 को सीबीआई अकादमी, गाजियाबाद से जुड़े थे। इस अवसर पर श्रीमती संपत मीना, अपर निदेशक मनोज शशिधर, अपर निदेशक डॉ. पद्मिनी सिंह, अभियोजन निदेशक सहित अन्य विभागों व स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरी कर रहे बदमाश को किया गिरफ्तार



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव बसंतपुर सैतली में बंद मकान में चोरी कर रहे बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़कर उसकी धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बदमाश के पास से चांदी के जेवरात व नकदी बरामद की है। एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि गांव बसंतपुर सैंतली निवासी वरुण कुमार किसी रिश्तेदारी में गए थे। बदमाश वरुण के मकान में चोरी कर रहा था। इसी बीच पडोसी ने उसे देख लिया और शोर मचा दिया। शोर सुन आसपास के ग्रामीणों ने बदमाश को पकड़कर उसकी धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम इरफान निवासी लिसाड़ी गेट मेरठ बताया है।




## थाने और चौकियों से जल्द हटेंगे राजनीतिक बोर्ड




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में जल्द ही थानों और चौकी के आसपास लगे राजनैतिक बोर्ड को हटाने का कार्यक्रम शुरू होने वाला है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि आचार संहिता लगने से पहले इस ओर भी ध्यान दिया जा सकता है। सूत्र बता रहे हैं की कमिश्नरी सिस्टम में कई प्रमुख कार्यालयों और चौकी तो ऐसी हैं जिनके गेट से लेकर दीवार और पेड़ों पर अलग-अलग राजनैतिक और संगठनों के बैनर, पोस्टर और होल्डिंग लगे हुए हैं। इनको हटाने का काम भी जल्द किया जाएगा। इसी के साथ सूत्रों से जानकारी मिली है कि लखनऊ में हुई बैठक के बाद जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वह सभी प्रारूप अपनाए जाएंगे जिनको आयोग की टीम और प्रदेश के साहब ने अधिकारियों और जिले के प्रभारियों को सूचनाओं से अवगत कराया है। उधरइ पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि मार्च का दूसरा सप्ताह चुनावी तारीख की घोषणा वाला रहेगा। इसी के साथ पुलिस के अधिकारियों के बीच चर्चा है कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। बस उसपर फाइनल एक्शन लेना बाकी है। कमिश्नरेट वाले सूत्र और अधिकारी बता रहे हैं कि वैसे तो आचार संहिता की घोषणा होते ही सरकारी विभाग और पुलिस राजनैतिक बोर्ड वाले अभियान को पुलिस बल के साथ शुरू करेगी लेकिन कुछ प्रमुख स्थानों पर इसे पहले भी अंजाम दिया जा सकता है। सुनने में यह भी आ रहा है कि जब निगम की टीम इस कार्रवाई को करने के लिए सड़कों पर उतरेगी तो उस दौरान पुलिस भी कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ में हुई बैठक के बाद कुछ और पहलुओं पर भी ध्यान देने का फरमान सुनाया गया है। इसी के साथ ड्यूटी रूम वाले कमरों की लंबाई-चौड़ाई भी मापी जा रही है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट के पास वह अधिकारी हैं जिन्होंने पिछला निगम वाला चुनाव कराया था जबकि प्रशासन में तमाम फेस न्यू बताए जा रहे हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आगामी लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक और पूरी मुस्तैदी के साथ संपन्न कराने के लिए आने वाले दिनों में कई बैठकें व ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

# हापुड़ नगर पालिका में 114 प्रस्ताव:27 करोड़ से होगा 129 सड़कों का निर्माण

**हापुड़।** हापुड़ नगर पालिका सभागार में शुक्रवार को हंगामे के बीच तीसरी बोर्ड बैठक का आयोजन हुआ। इसमें शहर के विकास के लिए 118 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 114 प्रस्ताव पास हुए। साथ ही आय व्यय का ब्यौरा भी रखा गया। इनमें से अधिकांश प्रस्ताव सर्वसम्मित से पास हो गए, लेकिन ऑउटसोर्सिंग कर्मचारियों के ठेका कुछ सभासदों के विरोध के बीच पास हो गया। नगर पालिका अधिकारियों ने एजेंडा पढ़कर प्रस्ताव सभासदों के सामने रखे। इसमें नगर पालिका के कर्मचारियों के भुगतान, पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए नलकूपों और पाइन लाइन, ठेकेदारों के भुगतान, वाहनों की मरम्मत कराने सहित, फ्रीगंज तिराहे पर चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा लगाने, वार्डों में विकास कार्य कराने के प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया, लेकिन जैसे ही ऑउटसोर्सिंग कर्मचारियों के ठेके का प्रस्ताव रखा गया तो सभासद दो गुटों में बंट गए। सभासद विकास दयाल, भारती, नितिन पाराशर आदि ने नगर पालिका द्वारा एक ही फर्म को बार बार ठेका दिए जाने और धांधली का आरोप लगाया, जिस पर सभासद आमने सामने आ गए। करीब दस मिनट तक इस प्रस्ताव को लेकर जबरदस्त हंगामा हुआ और सभासदों के विरोध के बाद भी प्रस्ताव पास कर दिया गया। शहर की पथ प्रकाश व्यवस्था सुधारने के लिए नगर पालिका द्वारा खरीदी गई लाईटों के भुगतान पर आपत्ति जताते हुए धांधली का आरोप लगाया।



### सभी सभासदों की सहमति से मिली मंजूरी

सभासद अब्दुल मलिक सहित अन्य सभासदों ने नगर पालिका अधिकारियों से खरीदारी का ब्यौरा मांगा, लेकिन अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दिए पाए, जिस पर सभासदों ने इसकी जांच कराने और भुगतान रोके जाने की जोरदार मांग उठाई। बोर्ड बैठक में शहर के 41 वार्डों के विकास के लिए भी प्रस्ताव रखे गए। सभी वार्डों में करीब 27 करोड़ रुपए से 129 स्थानों पर नाला, नाली, सड़क निर्माण कराकर शहर का विकास कराया जाएगा। इस प्रस्ताव को सभी सभासदों की सहमति से मंजूरी मिल गई।

# बदमाश महिला ज्वैलर्स को नशीला पदार्थ सुंघा लूटकर ले गए सोने के जेवरात





**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की रेलवे रोड मार्केट में बदमाश महिला ज्वैलर्स को नशीला पदार्थ सुघांकर सोने के जेवरात लूटकर ले गए। सोने के जेवरात की कीमत करीब पांच लाख रुपए की बताई जा रही है। एसीपी व थाना प्रभारी निरीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। नगर में रेलवे रोड स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी पूजा वर्मा परिवार सहित रहते है।

उनके पति कुलदीप वर्मा की कोरोना कॉल में मौत हो गई थी। इसके बाद से ही महिला पूजा वर्मा ही रेलवे रोड मार्केट स्थित भामा ज्वैलर्स की दुकान का संचालन करती है। शुक्रवार दोपहर को उनकी दुकान पर एक व्यक्ति आया। उक्त व्यक्ति ने पूजा वर्मा से पहले सोने के जेवरात दिखाने को कहा। इसके बाद उन्होने उक्त व्यक्ति को सोने के जेवरात दिखा दिए। काफी देर जेवरात देखने के बाद उसने चांदी का सिक्सा खरीदा। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने पैसे देने के लिए महिला को जैसे ही पैसे देने के लिए हाथ बढ़ाया तो वह बेहोश हो गई। काफी देर बाद होश आने पर महिला ने जब दुकान चैक की तो पता चला कि सोने के जेवरात की पोटली गायब है। पूजा वर्मा ने बताया कि पोटली में 45 ग्राम सोने से बने जेवरात थे। जिनकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए से अधिक की है। सूचना मिलते ही एसीपी नरेश कुमार व थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलकी घटनास्थल पर पहुंचे। महिला ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। एसीपी का कहना है कि रेलवे रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए जा रहे है। जल्द ही घटना का खुलासा कर बदमाश को पकड़ लिया जाएगा।

# पार्षद सतेंदर चौधरी ने लक्ष्मी नारायण मंदिर में लगवाई सोलर लाइट



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 54 के पार्षद सतेंदर चौधरी ने सेक्टर 3 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर मे सोलर लाइट का उद्घाटन किया। पार्षद सतेंदर चौधरी ने बताया कि बिजली नहीं होने पर भी अंधेरा दूर हो सकेगा। वही वार्ड में रात के समय अंधेरा ना पसरे इस को लेकर भी लगातार प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि यूपी नेडा द्वारा मन्दिर में सोलर लाइट लगवाई गई है। उन्होंने ने बताया कि रात के समय अंधेरा रहने से आपराधिक वारदात का डर बना रहता है। ऐसे में सोलर लाइट लगने से पूरी रात रोशनी बरकरार रहेगी। जिसका लाभ यह आने वाले लोगों को तो मिलेगा साथ ही साथ ही पार्क के पास से गुजरने वाली सड़क पर भी रोशन से लोगो को काफी राहत मिलेगी।

# युवती के आपत्तिजनक-फोटो वायरल करने की धमकी देकर मांगी रंगदारी




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर की एक कॉलोनी निवासी युवती के पास आई ई-मेल को क्लिक करना काफी महंगा पड़ा। युवती का मोबाइल हैक करके उसके फोटो रिश्तेदारों को भेजने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवती ने बताया कि 19 फरवरी को मेरे मोबाइल पर एक मेल आई। मेल पर लिखा था कि इसे क्लिक करते ही तुम्हारी सारी डिटेल आ जाएगी। इसके बाद युवती ने उसे क्लिक कर दिया। क्लिक करते ही युवती का मोबाइल हैक हो गया और कॉन्टैक्ट लिस्ट साइबर अपराधी के पास पहुंच गई। अब साइबर अपराधी युवती पर बात करने का दबाव बना रहा है। बात ना करने पर युवती के अश्लील वीडियो व फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी दे रहा है।

### जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी

धमकी के बाद से युवती सदमे में है। युवती ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बाजार गई युवती लापता, अपहरण की आशंका

नगर की एक कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उनकी 20 वर्षीय पुत्री गुरुवार शाम को किसी काम से बाजार गई थी,लेकिन वापस नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी जब युवती नहीं मिली तो परिजनों ने मेरठ के मवाना के एक गांव निवासी युवक पर अपहरण का शक जाहिर किया है। पुलिस ने नसीम निवासी गांव बिराना थाना मवाना मेरठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरु कर दी है।




## न्यूज डायरी

### सुरक्षा कारणों से मेरीलैंड स्टेट हाउस में लॉकडाउन



**वॉशिंगटन।** एनापॉलिस में मेरीलैंड की राजधानी में सुरक्षा कारणों की वजह से गुरुवार की शाम पांच बजे तक लॉकडाउन लगाया गया था। गवर्नर के कार्यालय की तरफ से एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। गवर्नर के बयान के अनुसार, सुरक्षा कारणों से मेरीलैंड स्टेट हाउस में लॉकडाउन लगाया गया है। इस समय अन्य कोई जानकारी नहीं है। बयान में आगे कहा गया, स्टाफ, कर्मियों और कम्यूनिटी के सदस्यों को सुरक्षित स्थानों पर रहकर पुलिस या कानून प्रवर्तन की तरफ से जारी निदेर्शों का पालन करना चाहिए। आसपास के इलाकों में रहने वाले स्थानीय लोगों को अपने घरों में रहने के लिए कहा गया था। उन्हें अपने दरवाजों को लॉक करने के साथ घरों की बत्तियां बुझाने का आदेश दिया गया था। आधे घंटे बाद इलाके में लॉकडाउन लगाया गया। मेरीलैंड स्टेट पुलिस स्टेट हाउस बिल्डिंग के भीतर शरण लेने वाले स्टाफ और कर्मियों को वहां से बाहर निकालने की कोशिश करने लगी। सैनिकों ने मेरीलैंड स्टेट हाउस में तलाशी ली।

### अमेरिका के ओडीसियस लैंडर ने काम करना किया बंद



**वॉशिंगटन।** करीब 50 साल बाद पिछले महीने कोई अमेरिकी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा था। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब बुरी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद गुरुवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया। स्टैंडबाय मोड का भी नहीं दिया निर्देश बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली। स्टैंडबाय मोड का उद्देश्य लैंडर की क्षमता को दो से तीन हफ्ते तक और काम करने के लिए बनाया गया था। इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल ने बताया कि अंत में हुईं क्रियाओं ने लैंडर की बैटरियों को खत्म कर दिया, जिससे ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया है। गुड नाईट ओडी कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'गुड नाईट ओडी। उम्मीद करते हैं यह फिर से काम करना शुरू करेगा।' चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में गुरुवार को उतरा था गौरतलब है, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया था कि उसका मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया है इसकी वजह से वह एक ओर झुक गया था। इस खबर की पुष्टि लैंडर का निर्माण और संचालन करने वाली कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने भी की थी। ओडीसियस आधी सदी से भी अधिक समय में चंद्रमा पर उतरने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान है। यह रोबोटिक लैंडर 22 फरवरी शाम 6.23 बजे ईटी पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में उतरा था। लेकिन, फ्लाइट कंट्रोलर्स को लैंडर के कम्युनिकेशन सिग्नल्स से सिग्नल लेने में कई मिनट लग गए थे।

### 3 मार्च को चुना जाएगा पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री, पीएमएल-एन के शहबाज शरीफ रेस में सबसे आगे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को नया प्रधानमंत्री रविवार यानी तीन मार्च को मिलेगा। बीते दिन पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सचिवालय ने देश के नए प्रधानमंत्री के चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद की रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, उम्मीदवार शनिवार दोपहर दो बजे तक अपना नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच उसी दिन पूरी कर ली जाएगी। प्रधानमंत्री के चुनाव की प्रक्रिया नवनिर्वाचित सांसदों के जरिए होगी। राष्ट्रपति चुनाव का कार्यक्रम भी जल्द जारी होगा इससे पहले बताया गया था कि चुनाव आयोग (ईसीपी) एक मार्च को राष्ट्रपति चुनाव का कार्यक्रम जारी कर सकता है, जिसमें पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी की जीत लगभग तय मानी जा रही है। पाकिस्तानी मीडिया ने ईसीपी के प्रवक्ता के हवाले से कहा था सभी चार प्रांतीय विधानसभाएं 29 फरवरी तक अस्तित्व में आएंगी और फिर राष्ट्रपति चुनाव के लिए जरूरी निर्वाचक मंडल के गठन का काम पूरा हो जाएगा। सितंबर 2008 से 2013 तक देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं जरदारी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ के नेतृत्व में केंद्र में नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए छह पक्षीय गठबंधन तैयार है। पीएमएल-एन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। जरदारी इससे पहले सितंबर 2008 से 2013 तक देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं। त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे आठ फरवरी को हुए चुनाव के त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। जिसके बाद पीएमएल-एन और पीपीपी ने गठबंधन बनाने का फैसला किया। यह गठबंधन इस शर्त पर बना कि पीपीपी के आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति का पद मिलेगा। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज को पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री पद मिलेगा।

### गाजा में 100 लोगों की मौत पर बाइडन और अल-थानी ने जताया दुख,



**वॉशिंगटन।** इस्राइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने गाजा में गुरुवार को मारे गए 104 फलस्तीनियों की घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने युद्ध विराम की आवश्यकता को जाहिर करते हए मानवीय सहायता बढ़ाने पर जोर दिया। गौरतलब है कि इस्राइल और हमास के बीच सात अक्तूबर से युद्ध जारी है, जब हमास ने पांच हजार इस्राइली शहरों पर दागे थे। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के करीब 30000 लोगों की मौत हो चुकी है। दोनों नेताओं ने बंधकों की रिहाई पर भी बात व्हाइट हाउस ने दोनों नेताओं की बात के बाद एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने नागरिक जीवन के नुकसान पर दुख व्यक्त किया है। दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि जल्द से जल्द गाजा में जारी युद्ध पर रोक लगानी होगी। युद्ध विराम के साथ-साथ दोनों नेताओं ने बंधकों की रिहाई पर भी बात की। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं की एक राय है कि हमास को बिना किसी देरी के बंधकों को रिहा करना चाहिए। उन्होंने सहायता सामाग्री को हर एक फलस्तीनी तक पहुंचाने के तरीकों पर भी चर्चा की। दरअसल, हमास का आरोप है कि गुरुवार को इस्राइली सैनिकों ने सहायता ट्रकों के पास खाने की आस में खड़े फलस्तीनियों को गोलियों से भून डाला है। हमले में करीब 104 लोगों की मौत हो गई। वहीं, विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक ब्रीफिंग में फिलीस्तीनी लोगों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि हम सुबह से इस्राइल के संपर्क में हैं। यूएनएससी बैठक का आयोजन संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी गाजा में हुए हमले की कड़ी निंदा व्यक्त की। हमले के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने न्यूयॉर्क में शाम 4.15 बजे एक निजी बैठक का आयोजन किया है। बैठक का उद्देश्य उत्तरी गाजा में सहायता का इंतजार करते समय मारे गए फलस्तीनियों पर चर्चा करना है। युद्धविराम को लेकर जारी है चर्चाएं पिछले कुछ दिनों से गाजा में अस्थायी युद्धविराम की चर्चा जोरों पर है। इसके कयास तब लगने शुरू हुए जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि गाजा में अस्थायी युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए एक समझौता हो सकता है। जानकारी के मुताबिक, खूनी लड़ाई को रोकने के तिए एक मसौदा फ्रांस की राजधानी पेरिस में तैयार किया गया है। कतर, अमेरिका और मिस्र के राजदूतों के साथ बैठक में यह मसौदा तैयार हुआ था। अब इसे हमास के सामने पेश किया गया है। इसमें मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान लड़ाई में 40 दिनों के युद्धविराम का प्रस्ताव है जो 10 मार्च के आसपास शुरू होगा।

# ईरान के लोग आज चुनेंगे अपना राष्ट्रपति, 59 हजार मतदान केंद्रों पर वोटिंग शुरू

- पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले

**तेहरान।** शिया मुस्लिम बहुल देश ईरान में एक मार्च यानी आज संसदीय चुनाव हो रहे हैं। आज लोग देश के सर्वोच्च नेता यानी राष्ट्रपति को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। 2020 के संसदीय चुनावों के बाद देश काफी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस चुनाव को लोकतांत्रिक सुधार, पश्चिमी देशों के साथ तकरार और खराब अर्थव्यवस्था की कसौटी पर परखा जा रहा है। आइए, जानते हैं इसका पूरा हाल- कैसे होते हैं चुनाव? ईरान में हर चार साल में फ्रांसीसी चुनाव प्रणाली की तर्ज पर चुनाव होते हैं। पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो दूसरे दौर में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के लिए वोट डाले जाते हैं।

#### मतदान केंद्र और सुरक्षा उपाय

देशभर में 59 हजार मतदान केंद्र होंगे। इसमें से तेहरान में पांच हजार और तेहरान के व्यापक प्रांत में 6,800 केंद्र बनाए गए हैं।1,700 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने सेना के साथ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और उसके बासिज बलों को निगरानी के लिए तैनात किया है। बताया जा रहा है कि ढाई लाख सुरक्षाबल के जवानों को तैनात किया गया है।

#### मतदान को प्रभावित करने वाले कारक

साल 2020 में कई कारण बने, जिससे लोगों ने वोट डालने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसमें अर्थव्यवस्था चलाने के तरीके, सालों से चले आ रहे प्रदर्शनों में उलझा देश, परमाणु कार्यक्रम को लेकर पश्चिमी देशों से तनाव और यूक्रेन पर हमले में रूस को समर्थन, कुद्स फोर्स के कमांडर कासिम सोलेमानी की अमेरिका में हत्या और कोविड-19 महामारी जैसे कारक शामिल हैं। इसके अलावा देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी की समस्या भी एक बड़ा कारण है। विपक्ष की गतिशीलता सुधारवादी मोर्चा, जो एक विपक्षी दल के सबसे करीबी चीज के रूप में कार्य कर रहा है, ने अर्थहीन और गैर-प्रतिस्पर्धी चुनाव में भाग नहीं लेने का फैसला लिया है। हालांकि, कुछ उम्मीदवार संसद में संभावित रूप से एक गैर-रूढ़िवादी अल्पसंख्यक बनाने के लिए सहयोग कर रहे हैं।



#### कौन मतदान कर सकता है और कब?

मतदाताओं की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए। करीब 8.5 करोड़ आबादी वाले देश में 6.12 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे से वोट डलने शुरू हो जाएंगे और 10 घंटे तक मतदान केंद्र खुला रहेगा। हालांकि, अगर पहले के चुनाव देखे जाए तो अक्सर मतदान करने का समय मांग के अनुसार बढ़ा दिया जाता है।

#### किसे चुना जाएगा?

ईरान में संसद की 290 सीटों के लिए 15,000 से ज्यादा उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पहले इसे इस्लामिक कंसल्टेटिव असेंबली कहा जाता था। यहां सदस्यों का कार्यकाल चार साल का है और संसद में पांच सीटें धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित हैं। संसदीय चुनाव से अलग ईरान के लोग आज ही 88 सीटों वाली असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के लिए भी वोट डालेंगे। आठ साल के कार्यकाल वाला यह पैनल अगले सुप्रीम लीडर को नियुक्त करेगा।

#### चुनाव में लोग वोट देंगे या नहीं

मतदाताओं की उदासीनता चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि देश विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है। 2020 में पिछले संसदीय चुनावों में 42 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो 1979 में इस्लामी गणराज्य की स्थापना के बाद से सबसे कम था। 2021 के राष्ट्रपति चुनावों में, केवल 48 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना वोट डाला, जो हाल के वर्षों में घटती भागीदारी का संकेत है।

# 'शॉपिंग मॉल में नहीं थे कोई भी सुरक्षा उपकरण', आगजनी की घटना पर बोले फायर ब्रिगेड के अधिकारी



**ढाका।** देर रात बांग्लादेश में सात मंजिला शॉपिंग मॉल में आग लग गई थी। इस भीषण आगजनी में कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने मामले की जांच करते हुए कहा कि सात मंजिला शॉपिंग मॉल में आग से बचने के लिए सुरक्षा उपाय नहीं थे। उन्होंने कहा कि मालिकों को पहले ही तीन नोटिस दिए जा चुके थे लेकिन उनकी तरफ से कोई खास कदम नहीं उठाए गए थे।

ये हादसा उनकी गलतियों के कारण सामने आया है। हादसे में 45 लोगों ने गंवाई जान, 22 घायल नई आधिकारिक अपडेट के मुताबिक, देर रात शॉपिंग मॉल में आग लगी, जिसमें 45 लोगों की मौत हो गई, 22 अन्य घायल हो गए। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ब्रिगेडियर जनरल एमडी मेन उद्दीन ने शुक्रवार को कहा कि बेली रोड पर इमारत में अग्नि सुरक्षा के कोई उपाय नहीं थे। जांच में पता चला कि वहां सुरक्षा के उपकरण तक मौजूद नहीं थे, बल्कि पूरी इमारत में केवल छोटी-छोटी सीढियां थी।

#### कई कमरों में खिड़कियां ही नहीं थी: मेनउद्दीन

हादसे से जुड़ी घटना को बताते हुए अधिकारी ने कहा कि आग लगने के दौरान लोगों ने जिन कमरों में अपनी जान बचाने के लिए शरण ली थी, उनमें से कई कमरों में खिड़कियां ही नहीं थी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सामंत लाल सेन के मुताबिक, हादसे में अधिकांश मौतें कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता के कारण हुई, जो बंद जगहों में अत्यधिक धुएं के कारण होती थीं।

#### मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए खर्च देंगे: रहमान

राहत और आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिब्बुर रहमान के मुताबिक, सरकार प्रत्येक पीड़ित के परिवार को उनके अंतिम संस्कार के खर्च को कवर करने के लिए 25,000 बांग्लादेशी टका (लगभग 225 अमेरिकी डॉलर) देगी। उन्होंने शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान घायलों को हरसंभव मेडिकल देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्देश पर जोर दिया।

# कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन



**ओटावा।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी निधन की जानकारी उनके परिवार ने दी है। बाई कोमो में जन्मे थे क्यू के बाई कोमो में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में जन्मे मुलरोनी के शुरूआती करियर की बात करें, तो वह राजनीति विज्ञान का अध्ययन करने वाले एक विश्वविद्यालय के छात्र के रूप में प्रधानमंत्री जॉन डाइफेनबेकर के सलाहकार बन गए थे। उन्होंने वर्षों तक राजनीति में पर्दे के पीछे काम किया। 1976 में अगले संघीय प्रगतिशील कंजर्वेटिव नेता बनने के लिए पहले कानून की डिग्री हासिल की। बाद में कंजर्वेटिव से खड़े हुए। हालांकि, जोय क्लर्क से हार का सामना करना पड़ा। वह हार के बाद भी निराश नहीं हुए। क्लर्क को हराने की साजिश मुलरोनी एक वरिष्ठ कार्यकारी के रूप में कॉर्पोरेट कनाडा में शामिल हो गए। साथ के साथ क्लर्क को सत्ता से बाहर करने के लिए एक अभियान की साजिश रचते रहे। 1983 में आखिरकार उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी का नेतृत्व जीता और सत्ता अपने नाम कर ली। उस समय उन्होंने शपथ ली थी कि 'हम एकसाथ एक नई पार्टी और एक नया देश बनाने जा रहे हैं।' फिर उन्हें सेंट्रल नोवा, एनएस के लिए सांसद के रूप में चुना गया। इस दौरान लोगों को अधिक से अधिक नौकरियां देने का वादा किया गया था। ब्रायन मुलरोनी सन-1984 के संघीय अभियान को चलाने के लिए आगे आए, कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ी सीटों के साथ बहुमत हासिल किया। कनाडा के 18वें प्रधानमंत्री के रूप में मुलरोनी ने काम संभाला।

# इमरान की पार्टी पीटीआई के नए अध्यक्ष बने बैरिस्टर गौहर खान

## तीन मार्च को एक बार फिर से होगा मतदान



**कराची।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए बैरिस्टर गौहर खान के चुनाव की घोषणा की है। पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा उनकी अंतर पार्टी चुनाव को रद्द करने के बाद तीन मार्च को एकबार फिर संगठनात्मक मतदान किया जाएगा। 45 वर्षीय बैरिस्टर गौहर खान को गुरुवार को निर्विरोध पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का अध्यक्ष बनाया गया था। वह अब एक ऐसे नेता बन गए हैं जिन्हें दो बार इस पद के लिए नियुक्त किया गया है। पीटीआई के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार उमर आयूब खान को भी निर्विरोध पार्टी के महासचिव के तौर पर नियुक्त किया गया है।

पंजाब, खैबर पख्तूनख्वां और सिंध में पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर डॉ. यास्मीन रशीद, अली अमीन गंडापुर, और हलीम आदिल शेख को नियुक्त किया गया है। अंतर पार्टी चुनाव के लिए कई उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दर्ज किया था, लेकिन उनमें से कई ने संगठनात्मक चुनाव के दो दिन पहले ही अपना नाम वापस ले लिया।

पीटीआई के संघीय चुनाव आयुक्त रऊफ हसन ने बताया कि अधिकतर सीटों पर विपक्ष की अनुपस्थिति में उनके पास निर्विरोध विजेताओं की घोषणा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। इससे पहले बैरिस्टर अली जाफर को पार्टी के अगले अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के तौर पर घोषित किया गया था, लेकिन उन्होंने इस पद को स्वाकीर करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पार्टी ने गौहर खान को इस पद के लिए नामित किया।

# अबू धाबी में चल रहे डब्ल्यूटीओ के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन को एक दिन के लिए बढ़ाया

**अबू धाबी।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का मंत्री स्तर का 13वां सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में चल रहा है। 28 फरवरी को समाप्त होने वाला सम्मेलन अब एक मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है। दरअसल, यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि मुख्य मुद्दों पर चर्चा हो सके और एक नतीजे पर पहुंचा जा सके। बताया जा रहा है कि डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक नगोजी ओकोंजो इवेला ने एमसी13 के अध्यक्ष थानी बिन अहमद अल जायौदी और मंत्रियों के साथ बातचीत करने के बाद यह फैसला लिया। इससे पहले मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 28 फरवरी को रात आठ बजे (स्थानीय समय) समाप्त होने वाला था। विभिन्न वाताओं पर सहमति बनाने के लिए समय डब्ल्यूटीओ ने एक बयान में कहा, '28 फरवरी को प्रतिनिधिमंडल प्रमुखों की बैठक में डीजी ओकोंजो-इवेला ने सदस्यों से मंत्रिस्तरीय बैठक में विभिन्न वाताओं पर सहमति बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पर जोर दिया। इसके साथ ही, इस बात को ध्यान में रखने का आह्वान किया कि सार्थक समझौते करने के लिए समय निकलता जा रहा है।

'26 फरवरी को शुरू हुई विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए दुनिया भर के मंत्री और प्रतिनिधि अबू धाबी में एकत्र हुए हैं। इस दौरान वैश्विक व्यापार नियमों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जाएगा। संगठन में 166 सदस्य देश लगभग तीन दशक पहले स्थापित वैश्विक निगरानी संस्था डब्ल्यूटीओ में अब भारत सहित 166 सदस्य देश हैं। इस वर्ष, तिमोर-लेस्ते और कोमोरोस को विश्व व्यापार संगठन के सदस्यों के रूप में जोड़ा गया है। डब्ल्यूटीओ का 12वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (टउ12) साल 2022 में 12-17 जून तक स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित किया गया था। डब्ल्यूटीओ के 13 वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में, भारत ने जोर देकर कहा कि डब्ल्यूटीओ के सदस्यों के लिए डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए सभी नीतिगत विकल्प उपलब्ध होने चाहिए। वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी को बढ़ाना चुनौतीपूर्ण वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारत ने जोर देकर कहा कि वर्तमान में विकसित देशों में स्थित कुछ कंपनियां ई-कॉमर्स के वैश्विक परिदृश्य पर हावी हैं। भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है, जो वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी को बढ़ाना चुनौतीपूर्ण बनाती है।

### आतंकवाद और नशीले पदार्थों पर नकेल कसने की मुहिम

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो के बीच वार्ता हुई। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने ड्रग्स यानी मादक पदार्थों की समस्या से निपटने, आतंकवाद, साइबर अपराध और सीमा शुल्क जैसे मुद्दों पर भी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। अनियमित प्रवासन के मुद्दे पर भी बात की गई। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों देशों ने 27-29 फरवरी के बीच नई दिल्ली में वार्ता की। भारत और अमेरिका के बीच बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और क्रिस्टी कैनेगलो ने आव्रजन कानून लागू करते हुए वैध आव्रजन मार्गों तक पहुंच के विषय पर भी मंथन किया। इस कानून के तहत जरूरतमंद नागरिकों की वापसी को लेकर अमेरिका और भारत ने प्रतिबद्धता जताई है। ऐसे लोगों के पास अमेरिका में रहने का कानूनी आधार नहीं होता।

# हेली को ट्रंप समर्थकों का झेलना पड़ा विरोध, कहा- आपके पूर्व बॉस का एक और कार्यकाल देश को अराजकता...



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति का चुनाव होना है। इसके लिए सभी उम्मीदवार बढ़-चढ़कर तैयारियां कर रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। राष्ट्रपति पद की रिपब्लिकन उम्मीदवार निक्की हेली ने अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने ट्रंप के चाहने वालों से कहा कि उनके पूर्व बॉस का एक और कार्यकाल देश को अगले चार साल के लिए अराजकता में धकेल देगा।

#### 1,215 डेलीगेट की जरूरत

बता दें, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के लिए ट्रंप और हेली को कम से कम 1,215 डेलीगेट की जरूरत है। पांच राज्यों आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, दक्षिण कैरोलिना और मिशिगन में प्राइमरी चुनाव के बाद ट्रंप के पास 122 डेलीगेट हैं जबकि हेली के पास 24 डेलीगेट हैं। वहीं सर्वेक्षणों की निगरानी करने वाली रियल क्लियर पॉलिटिक्स के अनुसार, रिचमंड और फॉल्स चर्च में उनकी दोनों रैलियों में प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया और कई लोगों ने कहा कि वे 77 वर्षीय ट्रंप के समर्थक हैं।

#### खुद के सिवा किसी की परवाह नहीं

रैलियों के दौरान हेली ने ट्रंप पर आरोप लगाया कि वह अपने सिवा किसी के बारे में परवाह नहीं करते हैं। न उन्हें देश की परवाह है और नहीं यहां के लोगों की। पूर्व राष्ट्रपति के समर्थन में उठती आवाजों पर उन्होंने कहा कि ट्रंप को राष्ट्रपति के रूप में चुनने का मतलब है कि अमेरिका में चार साल तक अराजकता का माहौल रहेगा।

#### मैं अपने बच्चों और आपके बच्चों के लिए...

उन्होंने कहा, 'हर कोई यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि आखिर मैं यह चुनाव क्यों लड़ रही हूं, तो जवाब यह है कि मैं अपने बच्चों और आपके बच्चों के लिए ऐसा कर रही हूं।' उन्होंने जोर देकर कहा कि ट्रंप और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने देश की अर्थव्यवस्था को खराब कर दिया है। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस में एक अकाउंटेंट रखने का समय आ गया है। इस पर वहां मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाईं।

#### भारतीय-अमेरिकियों ने हेली को सराहा

वर्जीनिया में भारतीय अमेरिकियों की अच्छी खासी आबादी रहती है। ऐसे में इन रैलियों में कई भारतीय-अमेरिकी आए। उन्होंने कहा कि यह उनके और ट्रंप के बीच दिन-रात का अंतर है।

प्रख्यात भारतीय अमेरिकी सुरेश शेनॉय ने कहा, 'वह बहुत करिश्माई हैं, वह चतुर हैं, वह दयालु हैं। वह एक बहुत ही अच्छी वक्ता है और उन्होंने सभी बातें सही कहीं हैं। उन्होंने आज कई अलग-अलग तरीकों से नेतृत्व का प्रदर्शन किया। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह राष्ट्रपति पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार हैं। नीना शेनॉय ने रैली के बाद कहा, 'निक्की हेली के बारे में मुझे जो पसंद आया वह यह है कि हर चीज डेटा और संख्या के साथ बोलती हैं। अन्य राजनेताओं की तरह नहीं। मैं सच में इसके लिए उनकी प्रशंसा करती थी। और साथ ही उन्होंने अमेरिका के लिए जो विजन रखा है, मुझे लगता है कि वह शानदार है।'

हेली की पहली रैली में शामिल वर्जीनिया के सचिन चंद्रा ने इसे खास बताया। उन्होंने कहा, 'हेली के पास विचारों और नीतियों की स्पष्टता है। कोई गुप्त उद्देश्य नहीं है। यह वही है जिसके लिए एक राष्ट्रपति को खड़ा होना चाहिए।

# स्वर्गीय जगदीश चंद्र को दी गई श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा की धर्म पत्नी अनिता शर्मा के पिता स्वर्गीय जगदीश चंद्र की शोक सभा आयोजित की गई। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए बीजेपी महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शोक सभा में स्वर्गीय जगदीश चंद्र को श्रद्धांजली अर्पित करने वालों में पूर्व विधायक रूप चौधरी, महामंत्री पप्पू पहलवान, उपाध्यक्ष चमन चौहान, संजय रावत, बॉबी त्यागी, सुभाष शर्मा, लोकसभा विस्तारक अंकित शर्मा, विधान सभा विस्तारक अजीत, पार्षद प्रतिमा, राजीव शर्मा, सतेन्द्र चौधरी, महेंद्र चौधरी, राजकुमार भाटी, गौरव सोलंकी, प्रवीण भाटी, भूपेंद्र, पूनम कौशिक, सुभाष प्रधान, एसपी शर्मा, हरगोपाल वर्मा, अशोक शर्मा , रेनू चंदेला भी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## अम्बेडकर रोड पर वेलोसिटी ऑटो कार एसेसरीज का शुभारम्भ




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अम्बेडकर रोड स्थित मॉडर्न प्लाजा की शॉप नंबर 11 पर वेलोसिटी ऑटो कार एसेसरीज का विधिवत हवन पूजन के साथ शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर शॉप के प्रोपराइटर अवनीश गर्ग, शुभम गोयल, आकाश गर्ग, नीरज गोयल, माधुरी गोयल, अंशु गर्ग, पूनम गोयल व संजय गोयल अपने परिजनों के साथ मौजूद रहे।

## प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी की श्रीमद् भागवत कथा 8 मार्च से घंटाघर रामलीला मैदान में

### 7 मार्च को 1008 महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। श्रीश्याम परिवार समिति द्वारा रामलीला मैदान घंटाघर में आगामी 8 मार्च से 15 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक जया किशोरी करेंगी। यह जानकारी शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सांवरिया ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि भगवान दूधेश्वर की इस पावन नगरी में पहली बार विख्यात कथा वाचक जया किशोरी का आगमन हो रहा है।

श्री सांवरिया ने बताया कि कथा से पूर्व 7 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नेहरू युवा केंद्र अंबेडकर रोड से प्रारंभ होकर चौधरी मोड़ रमते राम रोड डासना गेट चौपला मंदिर अनाज मंडी घंटाघर होते हुए रामलीला मैदान मे विश्राम लेगी। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा में लगभग 1008 महिलाएं प्रतिभाग करेंगी।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए समिति अध्यक्ष ने कहा कि घंटाघर रामलीला मैदान में बनाए जा रहे पंडाल में बाबा श्याम को विराजित किया जाएगा जिनका श्रृंगार करने के लिए कोलकाता के कुशल कारीगर बुलाया जा रहा है।



कार्यक्रम में बाबा श्याम को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया जाएगा। सभी श्याम प्रेमियों के लिए भोजन प्रसादम की भी व्यवस्था आठों दिन की गई है। पंडाल में इत्र की वर्षा भी की जाएगी। कार्यक्रम के अंतिम दिन विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम के भजन गायक कन्हैया मित्तल के द्वारा भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। प्रेसवार्ता में संरक्षक अनिल गर्ग, दिनेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राम अवतार जिन्दल, विजय जिन्दल, योगेश गोयल, दिनेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राम निवास बंसल , दिनेश बंसल, अतुल गुप्ता, निर्मल अग्रवाल, वी. के गुप्ता, सौरभ गुप्ता , सौरभ जायसवाल, संजय अग्रवाल एवं भानु सिसोदिया मौजूद रहे।

## आईएमएस कोर्सेज कैंपस में करेंसी मैनेजमेंट कार्यशाला आयोजित





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस, में मैनेजमेंट डिपार्टमेंट द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय करेंसी मैनेजमेंट इन इंडिया एंड सिक्योरिटी फीचर्स ऑफ बैंक नोट रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह सिसोदिया (असिस्टेंट जनरल मैनेजर इशू, एवं आईएमएस के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य उपस्थित छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों को भारतीय करेंसी से जुडी सिक्योरिटी सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी देना एवं बैंक नोट की विशेषताओं के बारे में अवगत कराना था।

मुख्य अतिथि ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र- छात्राओं को आरबीआई की संरचना एवं उसकी कार्य प्रणाली के बारे में बताया, साथ ही फिजिकल करेंसी की भी चर्चा की।

उनके द्वारा भारतीय नोट की विशेषता एवं उसकी प्रिंटिंग की बारीकियों के बारे में बताया, जिससे असली और नकली नोट के पहचान



आसानी से की जा सकती है। कार्यक्रम में अमन दीप मैनेजर आरबीआई, मुकेश कुमार असिस्टेंट मैनेजर आरबीआई एवं आशीष भाटिया क्लस्टर हेड , एचडीएफसी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रजनीश मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा रस्तोगी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन डॉ. मयंक कुमार पांडेय द्वारा उपस्थित लोगों का धन्यवाद कर किया गया।

## भोपुरा मंडल में भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शुक्रवार को भोपुरा मंडल के शक्ति केंद्र 5 एवं 6 पर मंडल अध्यक्ष ओमेंद्र कसाना के नेतृत्व में लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू किया गया।

इस अभियान दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री बलदेव राज शर्मा एवं महानगर भाजपा के मंत्री बी एल गौतम शामिल हुए। इस अभियान के शक्ति केंद्र मंडल प्रभारी राजकुमार सेन चंदेला एवं गुड्डू पांडे, शक्ति केंद्र संयोजक उदयवीर सिंह भोला और हरपाल परेवा सहित साहिबाबाद विधानसभा के विस्तारक प्रवासी अजीत पटेल, जितेंद्र सेन, दीप जयवीर, मंडल मीडिया प्रभारी अनवार चौधरी, प्रवेश शर्मा, योगेश पांडे, देवराम, प्रवीण, संदीप राठौर, उत्तम शर्मा, अमित शर्मा, सचिन पांचाल, राधेश्याम, राहुल, मुन्ना तिवारी, अजय मंडल, बाबूलाल, राजकुमार सिंह तथा भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों के घर-घर जाकर स्टिकर लगाए और सरकार की उपलब्धियों के पत्रक बांटे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के किस भगवा पार्षद को मिली है गिफ्ट में स्कॉर्पियो कार? सुना है वो दिलवा रहे हैं किसी को खनन का ठेका फ्रॉम द सरकार? बताने वाले ने बताया कि फ्री में नही मिलता है ऐसा गिफ्ट? कहानी में बहुत ही बड़े वाला ट्विस्ट? पार्षद ने दिलवा दिया है ठेका और करा दिया है काम? आप ये मान कर चलें कि ये कार है उसी का ईनाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक सामाजिक कार्यक्रम में हो गई दो भगवा चौधरियों की मुलाकात? मौजूदा पार्षद ने पूछा पूर्व पार्षद से उनका हाल? कहां हो आजकल के सवाल पर निकला उनके दिल का मलाल? पूछा जब क्या कर रहे हो क्या लोकसभा की तैयारी? पूर्व पार्षद के शब्दो से उड़ा गुलाल? कहां ऐसी लोकसभा तो हम कई खड़ी कर दे? फिर कहा आप राजनीति ना करे और हम कर रहे हैं फोकस अपने कारोबार पर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार भक्ति की दिखाई देगी शक्ति? कहने वाले ने कहा कि आप लिख कर रख लो मेरी बात? महिला मोर्चा वाला ताज आने जा रहा उन्ही के पास? वो नहीं होने जा रही है रिपीट? इस बात में नही है कोई शक? क्या लोकसभा चुनावों से पहले मिल जायेगा किसी को उनका सियासी लक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा माननीय ने दिया अपनी जीत का भगवान को क्रेडिट? कहा पब्लिक की उम्मीद है हमसे और हम अपनी व्यथा कहे किससे? मौजूदा माननीय ने दिल के उदगार किए पार्टी के ही पूर्व माननीय से शेयर? कहा कुछ तो तवज्जो मिले अफसरों के दर पर हमारी भी बात को? एक दिशा की बात हो तो तुम्हे बताएं? हमारी पीड़ा को सुन रही है लोकसभा की सभी दिशाएं?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या फ्लावर और हैंडपंप के समझोते में राष्ट्रीय त्यागी जी लगाएंगे जंप? क्या उनके हिस्से में आयेगा समझोता कोटे से कोई सदन? हैंडपंप वाले ने ही ऑफ द रिकॉर्ड बताया? उन्हे तो पहले से ही मिलता रहा है पका पकाया? समझौते की बहार ही उन पर आएगी? किस्मत ने जोर मारा तो उनकी लोकेशन लखनऊ की ही आयेगी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि दिल्ली वाली बैठक के दिखाई दिए गाजियाबाद में भी इफेक्ट? सुना है एक जनप्रतिनिधि ने कर लिया था अपना फोन आउट ऑफ कनेक्ट? जनप्रतिनिधि नही करना चाहते थे लोकसभा को लेकर पूछी गई किसी भी राय पर अपना रिएक्ट? वो पार्टी के है मगर पार्टी के पूछे गए सवाल या राय को लेकर वो नही बनना चाहते थे खुद कोई पार्टी? सुना है वो चल रहे हैं केयर फुल और बच रहे हैं डर्टी पॉलिटिक्स से?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नीले खेमे में नही आया है अभी तक लोकसभा के लिए कोई भी नाम? महावत ने ही कहा कि ये तो चलाई जा रही है ऐसी हवा? दावेदार बहुत हैं कई मांग रहें हैं टिकट मगर अभी नाम रहेंगे खुफिया? हम भी यहीं हैं और तुम भी यहीं रहना? सबसे अंत में घोषित ना हो टिकट तो कहना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या भगवागढ़ की एक विधानसभा से उठेगी लोकसभा की दावेदारी वाली आवाज? सुना है विधायक जी करना चाहते हैं दूसरी लोकसभा से अपनी तीसरी पारी का आगाज? अगर पार्टी ने दे दिया उन्हे मौका? तो विधान सभा वाले लगा देंगे मौके पर चौका? दावेदारी है भरपूर भले ही टिकट मिले इस वाली लोकसभा से काफी दूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार होली मिलन समारोह में दीदी का रहेगा कई मंच पर चीफ गेस्ट वाला जलवा? चीफ गेस्ट वाली लिस्ट में भगवा कमांडर की भी टीआरपी रहेगी टॉप पर? क्या इस बार होली मिलन समारोह में चुनावी आचार संहिता का रहेगा रोल? इस लिए विधानसभा और लोकसभा वाले बना लेंगे खुद ही दूरी? उन्हे निमंत्रण भी है और चीफ गेस्ट वाला आमंत्रण भी है? लेकिन चुनावी आचार संहिता वाला बंधन भी है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या कांग्रेस वाले चुनाव प्रचार में महानगर वाले चौधरी और जिले वाले यादव जी नजर आयेंगे एक साथ? कहने वाले ने कहा कि इस बात की क्या गारंटी है कि मशाल जुलूस वाले नही होंगे हालात? वैसे तो दोनो ही नेता पॉलिटिक्स में रहते हैं कूल? मगर धरना प्रदर्शन जुलूस में हो जाते हैं बबूल? जब होगा चुनाव तो होगी प्रेस कॉन्फ्रेंस भी? बैठेंगे संगठन प्रोटोकाल में जिले और महानगर वाले एक साथ ही? रखना होगा दोनो का ही ध्यान? आपने सुनी होगी वो कहावत जिसमे कहा गया है की दो तलवार नही रहती हैं एक म्यान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिंदगी जिंदादिली का नाम है। संजीव झा की बहन पिछले 8 वर्षों से डायलिसिस पर है। लेकिन जिन्दगी जिन्दाबाद इन्ही से है। अपनी मैरिज एनिवर्सरी को एंजॉय किया। इस खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया संजीव झा ने। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।